


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

MPHIN/2021/83938

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 244 | ग्वालियर, शुक्रवार, 23 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### अब पुराने पेड़ों के बदले मिलेगी 2500 रुपये पेंशन



**नई दिल्ली।** हरियाणा में बुजुर्गों के अलावा पेड़ों के लिए भी पेंशन सुविधा होगी. इसके लिए मनोहर लाल खट्टर की सरकार ने प्राणवायु देवता योजना का ऐलान किया है. यह योजना छोटे और भूमिहीन किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए की गई है. इसके साथ राज्य सरकार प्रदेश में हरियाली भी बढ़ाने की कोशिश में जुटी हुई है. इस तरह से प्रदूषण पर लगाम लगाया जा सकता है. प्राणवायु देवता स्कीम के तहत 75 वर्ष से अधिक पुराने पेड़ों को पेंशन का लाभ दिया जाएगा. ये पेंशन साल भर में 2500 रुपये तक की होगी. वन मंत्री चौधरी कंवर पाल के अनुसार प्रदेश में पुराने पेड़ों को बचाने की कवायद हो रही है. इसके लिए इस योजना को लॉन्च किया गया है. इस तरह से छोटे और आर्थिक रूप से कमजोर किसानों को बचाने के लिए इस तरह की योजना को लॉन्च किया गया है. इस स्कीम की मदद से आर्थिक रूप से कमजोर किसानों को मदद मिलेगी. पैसे के अभाव में वे अपने पुराने पेड़ को बेचने के लिए मजबूर नहीं होंगे. वहीं इस स्कीम से छोटे किसानों को बड़ा लाभ होगा. उन्होंने कहा कि इस योजना की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है. अब तक 3 हजार 300 से अधिक पेड़ों को चयनित किया गया है. इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों को पेंशन के लिए आवेदन करना होगा. जैसे-जैसे किसान आवेदन करेंगे वैसे-वैसे लाभकारियों की संख्या बड़ती जाएगी. इस समय प्रदेश में 75 साल की उम्र से ज्यादा पेड़ों का आंकड़ा 4 हजार तक जा सकता है. योजना के तहत हरियाणा में किसी किसान के यहां पर अगर 75 साल की उम्र से ज्यादा पुराने पेड़ हैं तो वे प्राणवायु देवता स्कीम के तेहत पेंशन स्कीम के हकदार होंगे. अगर इस योजना का कोई लाभ उठाना चाहता है तो वन विभाग के दफ्तर में जाकर आवेदन करना होगा. एक कमेटी आपके आवेदन का आकलन करेगी. इसके बाद आवेदन का सत्यापन करने के बाद पेड़ों को पेंशन मिलनी आरंभ होगी. गौरतलब है कि हरियाणा सरकार पर्यावरण को लेकर काफी सतर्क हो चुकी है. यहां पर भूजल में सुधार लाने और पानी की बर्बादी को कम करने को लेकर प्रदेश में धान की सीधी बुवाई करने के लिए किसानों से अपील की जाती है. इसके लिए किसानों को 4 हजार प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि मिलेगी. वहीं हरियाणा सरकार प्रदेश में पौधारोपण कार्यक्रम चलाने में लगी हुई है. इसके लिए किसानों को मुफ्त में पौधे मिल रहे हैं.

### यूपी में मानव जनित जलवायु परिवर्तन से भीषण गर्मी की संभावना : विश्लेषण



**नई दिल्ली।** क्लाइमेट सेंट्रल के एक नए विश्लेषण से पता चला है कि उत्तर प्रदेश में तीन दिनों (14 से 16 जून) रही अत्यधिक गर्मी मानव-जनित जलवायु परिवर्तन का नतीजा है और आने वाले दिनों में गर्मी दोगुनी हो जाने की संभावना है। बलिया जिले में 16 जून को तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और तीन दिनों की घटना में कम से कम 34 मौतें हुईं। विश्लेषण में क्लाइमेट शिफ्ट इंडेक्स (सीएसआई) नामक एक मीट्रिक का उपयोग किया जाता है, जो दैनिक तापमान में जलवायु परिवर्तन के योगदान को मापता है। एक से अधिक सीएसआई स्तर एक स्पष्ट जलवायु परिवर्तन संकेत का संकेत देते हैं, जबकि दो और पांच के बीच के स्तर का मतलब है कि जलवायु परिवर्तन ने उन तापमानों को दो से पांच गुना अधिक संभावित बना दिया है। उत्तर प्रदेश के अलावा, पूरे भारत में अधिकांश स्थानों पर इस अवधि के दौरान महत्वपूर्ण सीएसआई स्तर का अनुभव हुआ। लू ने भारत में करोड़ों लोगों को प्रभावित किया। राज्य के कुछ हिस्से सीएसआई स्तर तीन तक पहुंच गए, जो दर्शाता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान कम से कम तीन गुना अधिक हो गया है। मौजूदा सीएसआई केवल तापमान पर लागू होता है। तथ्य यह है कि अत्यधिक तापमान के साथ उच्च आर्द्रता के कारण स्थिति असामान्य हो चली है। यह चरम घटना अप्रैल में घातक उमस भरी गर्मी के बाद आई है, जो मानव-जनित जलवायु परिवर्तन के कारण 30 गुना से अधिक होने की संभावना थी। हीटवेव यानी लू सबसे घातक प्राकृतिक खतरों में से एक है, हर साल हजारों लोग गर्मी से संबंधित कारणों से मर जाते हैं और कई अन्य गंभीर स्वास्थ्य और आजीविका परिणामों से पीड़ित होते हैं। इंपीरियल कॉलेज लंदन के एक शोधकर्ता और वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन (डब्ल्यूडब्ल्यूए) के सह-प्रमुख फ्रेडरिक ओटो ने कहा -हम बार-बार देखते हैं कि जलवायु परिवर्तन नाटकीय रूप से हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता को बढ़ाता है, जो सबसे घातक में से एक है।

### मुठभेड़ में 2 जवान घायल, मोर्टार बम बरामद

**इंफाल।** इंफाल में सशस्त्र हमलावरों के साथ मुठभेड़ के दौरान दो सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए, जबकि सुरक्षा बलों ने गुरुवार को मणिपुर में तलाशी अभियान के दौरान एक अत्यधिक विस्फोटक मोर्टार बम और एक इंसास लाइट मशीन गन बरामद की। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। रक्षा पीआरओ ने कहा कि हमलावरों ने इंफाल-पश्चिम जिले के बोलजांग में अकारण गोलीबारी की, जिससे सैनिकों को किसी भी तरह की क्षति से बचने के लिए एक संतुलित प्रतिक्रिया के लिए मजबूर होना पड़ा। दो जवानों को मामूली चोटें आईं, दोनों की हालत अब स्थिर है। पीआरओ ने कहा कि सेना की अतिरिक्त टुकड़ियां शामिल की गई हैं और ऑपरेशन जारी है। एक अन्य तलाशी अभियान में असम राइफल्स के जवानों ने गुरुवार को इंफाल पूर्वी जिले में एक मोर्टार बम बरामद किया। पीआरओ ने कहा कि ऑपरेशन मोंगजम तलहटी में असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस कमांडो द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया था। बुधवार रात बिष्णुपुर जिले के क्वाक्टा में एक वाहन में रखे गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में विस्फोट होने से तीन लोग घायल हो गए। घायलों को बिष्णुपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# मप्र फतह के लिए जरूरी है महाकौशल, दिग्गज भी कर रहे अभियान का आगाज

**नई दिल्ली।** देश के दिल कहे जाने वाले मध्य प्रदेश में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होना है. लिहाजा राजनीतिक दलों की नजर इस राज्य पर सीधे बनी हुई है. फिलहाल यहां भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के चेहरे पर काम कर रही है. लेकिन पिछले चुनाव के नतीजों में जनता से शिवराज को नकार दिया था. यही वजह है कि बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही दलों के लिए ये चुनाव नाक का सवाल है. बीते चुनाव में कांग्रेस सत्ता पर काबिज होने में कामयाबी तो हासिल कर ली, लेकिन इसे ज्यादा दिन तक चला नहीं पाई. ज्योतिरादित्य सिंधिया से पुराने और दिग्गज नेता ने पार्टी का हाथ छोड़ कमल का दामन थाम लिया. लिहाजा कमलनाथ की सरकार ओंधे मुंह आ गिरी और एक बार फिर शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश की कमान मिल गई. लेकिन इस बार बीजेपी किसी भी तरह की कसर छोड़ने की मूड में नहीं.

यही वजह कि जीत सुनिश्चित करने के लिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही स्ड्डस्त्रद्ध4ड्ड क्क्ड्डस्त्रद्गह्यद्ध की नब्ज को टटोलने में जुटे हैं और ये नब्ज है महाकौशल. आइए जानते हैं कि आखिर मध्य प्रदेश को फतह करना है तो महाकौशल क्यों जरूरी है. दिग्गजों को भी यहां से ही चुनाव के आगाज और जीत का फॉर्मूला दिखाई दे रहा है क्या। मध्य प्रदेश में जीत का रास्ता महाकौशल से ही होकर गुजरता है. क्योंकि यहां से ना सिर्फ सीटें बल्कि जातीगत समीकरणों को साधना भी आसान हो जाता है. इसी कारण से राजनीतिक दलों ने महाकौशल को कभी हल्के में नहीं लिया है. चूंकी ये विधानसभा चुनाव आगामी लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा है ऐसे में दलों के लिए दम लगाना और भी ज्यादा जरूरी है. मध्य प्रदेश को भौगोलिक दृष्टि से देखें तो ये महाकौशल, मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड, ग्वालियर-चंबल जैसे हिस्सों में बंटा हुआ है. इनमें से महाकौशल एक महत्वपूर्ण हिस्सा है भौगोलिक भी और राजनीतिक दृष्टि से भी. ये विंध्य पर्वत श्रृंखला की उत्तरी सीमा से घिरा हुआ है. इनमें मुख्य रूप से प्रदेश के बड़े शहरों में से एक जबलपुर को गिना जाता है. इसके अलावा इस जोन में कटनी, शिवपुरी, छिंदवाड़ा(कमलनाथ का गढ़), नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी प्रमुख रूप से शामिल हैं. नर्मदा नदी इस पूरे जोन से होकर गुजरती है और मध्य प्रदेश में नर्मदा का स्थान गंगा से कम नहीं है. यहां कोई राजनीतिक दल हो नर्मदा के आशीर्वाद से ही फलता फूलता है. महाकौशल की बात करें तो इस जोन में एक संभाल है, जबकि इस संभाग के अंतर्गत कुल 8 जिले आते हैं. इन जिलों में करीब 40 विधानसभा सीटें हैं जो किसी भी दल के लिए बड़ा नंबर है. यहां से जातियों को साधने के साथ-साथ सीटों पर कब्जा जमाना भी आसान होता है. कमलनाथ ने इसी गढ़ से अपनी जीत को सुनिश्चित किया था. यही वजह है कि बीजेपी की नजरें भी इसी जोन पर गढ़ी हुई हैं. ऐसे में महाकौशल को किंगमेकर कहना गलत नहीं होगा. महाकौशल में भाषा या फिर बोलियों की बात की जाए तो यहां पर सबसे ज्यादा खड़ी बोली की चलन में हैं. इसे गोंडी कहा जाता है. इसके अलावा इस अंचल का कुछ हिस्सा महाराष्ट्र से भी सटा हुआ है इसका असर भी यहां रिती रिवाजों के साथ-साथ भाषा में दिखाई देता है. मराठी यहां की दूसरी बड़ी भाषा कही जा सकती है. महाकौशल में ज्यादातर हिस्सा जंगलों से घिरा हुआ है. यही वजह है कि इस अंचल में प्रमुख रूप से आदिवासी सभ्यता देखने को मिलती है. आदिवासी ही महाकौशल में वोटों को भी नियंत्रित करते हैं. इनके वोट जिस दल की झोली में जाते हैं उसकी जीत लगभग तय मानी जाती है. ऐसे में हर दल आदिवासियों को लुभाने के लिए बड़े-बड़े वादे और दावे भी चुनाव से पहले जरूर करते हैं. महाकौशल में को लेकर जैसे पहले ही चर्चा कर चुके हैं यहां एक जोन में एक संभाग के तहत कुल 8 जिले शामिल हैं. इन आठ जिलों को बांटा जाए तो इनमें जबलपुर, छिंदवाड़ा, कटनी, बालाघाट, नहरसिंह पुर, सिवनी, मंडला और डिंडोरी शामिल हैं.




## दुनियाभर में योग का डंका, सीएम योगी समेत मंत्रियों और नेताओं के योग आए सामने

**नई दिल्ली।** भारत समेत पूरे विश्व में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 मनाया जा रहा है. योग दिवस को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिका से देशवासियों बड़ा संदेश दिया है. उन्होंने कहा कि भारत के आह्वान पर दुनिया के 180 देशों का एक साथ आना ऐतिहासिक है. भारतीय समयानुसार आज शाम 5.30 बजे पीएम मोदी यूएन के मुख्यालय में योग के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे. भारत में योग दिवस को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई मंत्रियों और नेताओं ने योग किया है. योग करते हुए वीडियो भी सामने आए हैं. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और योग गुरु रामदेव ने हरिद्वार में पतंजलि योगपीठ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग समारोह में हिस्सा लिया और योग किया. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर ओडिशा के बालासोर में योगाभ्यास किया. इस दौरान उनके साथ काफी संख्या में लोग भी योग कर रहे थे. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में योग किया. इस दौरान उनके साथ भोजपुरी स्टार और गोरखपुर के सांसद रवि किशन भी मौजूद थे. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और जी-20 प्रतिनिधियों ने मुंबई के सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में शिरकत की और योग किया. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुरुग्राम के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में योग किया। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिका दौरे पर गए हुए हैं. यह उनकी पहली यूएस की राजकीय यात्रा है. पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं और वहां आज संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में योग करेंगे.



### कमरे में लगी आग, 2 बच्चियों की मौत, मां गंभीर रूप से जख्मी

**नवादा।** बिहार के नवादा जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र में घर के एक कमरे में आग लगने से 2 मासूम बच्चियों की मौत हो गई। जबकि, दोनों बच्चियों की मां भी बुरी तरह झुलस गई है। पुलिस के मुताबिक, नेमदारगंज थाना क्षेत्र के दुधैली गांव के सौरभ कुमार के घर में आग लग गई। घर से ग्रामीणों ने जब धुआं उठता देखा तो वहां पहुंचे। आग लगने की घटना में सौरभ कुमार उर्फ लाली की पुत्री चाहत कुमारी व खुशी कुमारी की मौत हो गई। एक बच्चे की उम्र दो साल और दूसरे की सिर्फ छह माह थी। इस घटना में बच्चियों की मां लवली कुमारी भी घायल हुई है। नेमदारगंज के थाना प्रभारी राजीव कुमार ने गुरुवार को बताया कि घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला शार्ट सर्किट से आग लगने का प्रतीत हो रहा है। कुछ ग्रामीण महिला द्वारा ही बच्चियों को जला कर मार देने और खुद आत्महत्या की कोशिश करने की बात कर रहे हैं। राजीव कुमार ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मोदी-बाइडेन वार्ता में भारत के लिए जेट इंजन, सशस्त्र ड्रोन पर चर्चा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत में जीई के एफ 414 जेट इंजन के संयुक्त उत्पादन को मंजूरी दे दी है, जिससे दोनों देशों के बीच संबंधों को एक नई दिशा मिलेगी। अमेरिकी व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन के आधिकारिक डिनर की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बात कही। अधिकारी ने कहा, भारत एमक्यू 9बी सशस्त्र सी गार्डियंस की खरीद की घोषणा करेगा, जो लगभग सात वर्षों तक चली लंबी बातचीत के अंत का प्रतीक है। पत्रकारों के लिए बैठक का प्रीव्यू करने वाले अधिकारियों में से एक ने कहा कि इसके लिए हमारे डिलिवरेबल्स का स्वभाव, गंभीरता और विस्तार अभूतपूर्व है।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों में से एक ने कहा, मुझे लगता है कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि इस लक्ष्य को हासिल करने में नौकरशाही बाधाओं को दूर करने के लिए हम जो कदम उठा पाए हैं, उससे भारतीय आश्चर्यचकित और रोमांचित हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से मानते हैं कि इसका पालन करना जरूरी होगा। भारत इन जेट इंजनों का उपयोग अपनी दूसरी जनरेशन के तेजस लड़ाकू विमानों के लिए करेगा। वर्तमान विमान जीई के एफ404 इंजन का उपयोग करते हैं, जिन्हें भारत में असेंबल किया जाता है। एफ414एस का भारत में जीई द्वारा भारत के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ सह-उत्पादन किया जाएगा। इन इंजनों का उपयोग यूएस अमेरिकन एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट्स द्वारा किया जा रहा है। जनरल एटॉमिक्स के एमक्यू-9 सी गार्जियन ड्रोन वर्षों से भारत की इच्छा सूची में हैं और भारतीय नौसेना 2020 से कंपनी के स्वामित्व वाले और कंपनी द्वारा संचालित लीज समझौते में दो एमक्यू-9ए ड्रोन का उपयोग कर रही है। दोनों पक्षों द्वारा जारी किए जाने वाले संयुक्त बयान में सामान्यीकृत प्राथमिकता प्रणाली नामक योजना के तहत अमेरिका में भारतीय निर्यात के लिए तरजीही व्यापारिक लाभों की बहाली भी शामिल होने की संभावना है, जिसे 2019 में ट्रंप प्रशासन द्वारा निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि यह भारत से बाजार पहुंच संबंधी रियायतें नहीं ले सका। इस योजना के तहत, कुछ भारतीय सामान बिना टैरिफ के अमेरिका में प्रवेश करते हैं और निलंबन के समय भारत से इन अमेरिकी आयातों का मूल्य 6 अरब डॉलर से अधिक था। उम्मीद है कि गुरुवार सुबह बिडेन की मोदी के साथ बैठक के बाद दोनों पक्ष कई संयुक्त पहलों और समझौतों की घोषणा करेंगे, जिससे दोनों पक्षों के बीच सहयोग की एक नई भावना पैदा होगी। उम्मीद है कि दोनों नेता एक मास्टर जहाज मरम्मत समझौते की भी घोषणा करेंगे, जिसमें अमेरिकी नौसेना के जहाज भारतीय शिपयार्डों में मरम्मत के लिए जाएंगे। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों में से एक ने कहा कि अमेरिका भारत को रूस से सैन्य आपूर्ति से दूर करना चाहता है।



# भारत-अमेरिका की दोस्ती से क्यों बौखला रहा है चीन

**नई दिल्ली।** वो चीन जो दुनिया के मंच पर अमेरिका को हटा कर खुद को ऐसी सुपरपावर के तौर पर खड़ा करना चाहता है जिसकी मर्जी के बिना दुनिया में कोई बड़ा फैसला ना हो सके.लेकिन भारत के साथ अमेरिका की नजदीकी ने चीन के इस गेम को बिगाड़ दिया है और यही वजह है कि चीन को पीएम मोदी का ये अमेरिका दौरा किसी भी सूरत में नहीं सुहा रहा है. इस वीडि?ो में हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी की ये राजकीय यात्रा दुनिया की राजनीति में गेम चेंजर साबित हो सकती है लेकिन पहले हम आपको बताते हैं कि कैसे चीन कैसे भारत अमेरिका के रिश्तों में आई इस गर्माहट को देखकर तिलमिला गया है. मोदी की अमेरिका यात्रा पर चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने एक लेख लिखकर भारत को अमेरिका के जाल में ना फंसने की चेतावनी दी है. अपने संपादकीय में ग्लोबल टाइम्स ने अमेरिका को धोखेबाज करार देते हुए भारत को सतर्क रहने की हिदायत दी है. इतना ही नहीं, ग्लोबल टाइम्स का कहना है कि कि चीन और रूस का मुकाबला करने के लिए अमेरिका भारत का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए कर रहा है. लेकिन सवाल ये हैं कि अगर भारत अमेरिका के करीब जा रहा है तो चीन को वो अपना दुश्मन क्यों नजर आ रहा है.

दरअसल भारत ही वो देश है जिसमें चीन को टक्कर देना का माद्दा है. चीन ने जिस तरह से साल 2020 में भारत के लद्दाख सेक्टर में घुसपैठ करके जमीन पर कब्जा जमाना चाहा तो इंडियन आर्मी ने उसे करारा जवाब दिया. गलवान घाटी में तो दोनों देशों के सैनिकों के बीच खूनी झड़प भी हुई जिसमें भारत के 20जवानों ने शहादत भी दी लेकिन भारत झुका नहीं. मौजूदा वक्त में भी सरहद पर भारत के करीब 50,000 जवान चीन को तगड़ा जवाब देने के लिए तैनात हैं. इसके अलावा भारत अमेरिका के उस क्वाड संगठन का भी सदस्य है जिसे चीन अपने खिलाफ मानता है. चीन का मानना है कि अमेरिका ने क्वाड को उसे घेरने के लिए ठीक वैसे ही तैयार किया है जैसे यूरोप में रूस को घेरने के लिए नाटो बनाया गया था. इसके अलावा व्यापार भी एक ऐसा मसला है जिसे लेकर चीन को भारत से डर बना हुआ है. वर्तमान में चीन दुनिया की फैक्ट्री है. चीन की इकॉनोमी की सबसे बड़ी ताकत उसकी प्रॉडक्शन पावर है. चीन में मौजूद सस्ते मजदूरों के चलते दुनिया की तमाम बड़ी कंपनियों अपने प्रॉडक्शन को चीन से ही आउटसोर्स करती हैं लेकिन अमेरिका के साथ चीन के ताल्लुकात बिगड़ने के बाद ये तस्वीर बदल सकती है और भारत के पास मजदूरों की ताकत मौजूद है लिहाजा अगर अमेरिका ने प्रॉडक्शन के लिए अपनी कंपनियों को भारत को रूख करने का इशारा कर दिया तो चीन के लिए अपनी इकॉनोमी की रफ्तार को बनाए रखना बेहद मुश्किल हो जाएगा. यही नहीं, चीन को एक बड़ा डर ये भी है कि अगर भारत और अमेरिका के बीच रक्षा हथियारों की बड़ी डील्स होनी शुरू हो जाएंगी तो भारत की फौजों के पास अच्छी क्वालिटी के ऐसे हथियार आ जाएंगे जिनका सामना करने में चीन के फौज को परेशानी होगी. गौर करने वाली बात ये है कि भारत अपने बड़े हथियारों का 85 फीसदी हिस्सा रूस से ही खरीदता है. लेकिन एक बार अगर भारत की रूस पर निर्भरता कम हो गई तो रूस के जरिए भारत परह दबाब डलवाने के चीनी के इरादों पर बी पानी फिर सकता है. पिछले कुछ सालों में रूस के साथ चीन की दोस्ती काफी ज्यादा बढ़ गई है और यूक्रेन युद्ध में तो चीन ने खुलकर रूस का साथ दिया है. भारत और अमेरिका के साथ आने पर प्रशांत महासागर की राजनीति पर भी बड़ा असर पड़ेगा. इस इलाके के जापान, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपींस और इंडोनेशिया जैसे कई देशों के साथ चीन का तनाव चल रहा है. और अगर भारत भी खुलकर चीन के खिलाफ हो गया तो फिर हिंद महासागर के इलाके में भी चीन को घेरना अमेरिका के लिए आसान हो जाएगा. अगर भारत और अमेरिका के बीच आगे चलकर रणनीतिक गठबंधन बन जाता है तो चीन के बड़ी मुश्किल खड़ी हो सकती है क्योंकि ऐसा होने पर हिंद महासागर मे चीन की सप्लाई पर शिकंजा कसा जा सकता है. अमेरिका के साथ भारत की नजदीकी उसे क्लीन एनर्जी के मामले में भी काफी आगे ले जा सकती है. क्रिटिकल मिनरल्स की माइनिंग और प्रौसेसिंग में अमेरिकन टेक्नोलॉजी भारत के लिए अहम भूमिका निभा सकती है. टेलीकॉम और सेमीकंडक्टर्स जैसे मसलों पर चीन खुद को दुनिया का सबसे पावरपुल देश बनाना चाहता है लेकिन भारत को अगर अमेरिकी टेक्नोलॉजी का साथ मिलता है तो इस क्षेत्र में चीन को तगड़ी चुनौती मिल सकती है. अमेरिकी प्रेजीडेंट बाइडन भी जानते हैं कि मोदी के अमेरिका दौरे से सबसे ज्यादा परेशानी चीन को ह रही है और उन्होंने इस मौके पर चीन के प्रेजीटेंड शी जिनपिंग को तानाशाह करार देते हुए बड़ा हमला किया. मोदी के दौरे के दौरान बाइडन का ये बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि इस बयान के जरिए अमेरिका चीन को ये संदेश देना चाहता है कि चीन में एक तानाशाही शासन है जबकि मोदी एक लोकतात्रिक देश की नुमाइंदगी करते हैं. अमेरिका दुनिया का पहला लोकतांत्रिक देश है जबकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है. जाहिर है, बाइडन दुनिया को भारत और चीन के बीच का फर्क समझाना चाहते थे. अब ये देखना होगा कि भारत-अमेरिका की दोस्ती में नए रिश्ते का ये आगाज आगे चलकर कहां तक पहुंचता है और इसके जबाव में चीन क्या कदम उठाता है.



# मिनी आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने समान कार्य, समान वेतन को लेकर दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी।** खबर शिवपुरी कलेक्ट्रेट परिसर से जहाँ जिले की समस्त मिनी आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओ ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया जहाँ एक तरफ प्रदेश के मुखिया अपनी लाडली बहनों को 1000 रुपये महीने दे कर बहनों को खुशहाल बना रहे है और दूसरी तरफ उन्ही बहनों के लिए दिन रात कार्य करने बाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ अपनी मांगों के लिए ज्ञापन देने पड़ रहा हैं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले ओर प्रदेश भर की समस्त कार्यकर्ताओ के द्वारा लगातार आवेदन ओर ज्ञापन के माध्यम से बताया जा रहा हैं कि पूरे प्रदेश मैं हजारों मिनी आँगनवाड़ी कार्यकर्ता पूरा समय देकर आँगनवाड़ी कार्यकर्ता के बराबर कार्य करती हैं



जबकि उनके पास कोई अपनी सहायिका भी नही होती और न उनका वेतन आँगनवाडी कार्यकर्ताओं के बराबर दिया जाता हैं अभी हाल ही मैं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कार्यकर्ताओं के संबंध में जो घोषणा की थी जिससे प्रदेश की समस्त मिनी आंगनबाडी कार्यकर्ता संतुष्ट नही हैं क्योंकि अभी तक किसी भी प्रकार की कोई पदोन्नति या वेतन नही दिया गया हैं मिनी कार्यकर्ताओ का कहना हैं कि जब सभी से समान कार्य कराया जाता हैं तो वेतन भी समान ही देना चाहिए और मिनी कार्यकर्ताओं को फुल कार्यकर्ताओं का दर्जा दिया जाना चाहिए यदि हमारी मांगों को 10 दिन में पूरा नहीं किया जाता तो हम और बड़ा आंदोलन कर अपनी मांगों को पूरी कराने की कोशिश करेंगे और प्रदेश भर में आंगनवाड़ी पर काम बंद कर देंगे की जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जोगिंदर सिंह जी सेंगर करेंगे 24 जून को शिवपुरी दौरा

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- इंडियन वेटरन्स ओर्गेनाईजेशन के जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय श्री जोगिंदर सिंह सेंगर 24 जून 2023 को शिवपुरी पधार रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय का दौरा 22 तारीख को भोपाल से शुरू होकर गंजबासौदा होते हुए 23 तारीख को अशोकनगर पधारेंगे ।अगले दिन 24



तारीख को सुबह अशोकनगर से चलकर शिवपुरी 11ः00 बजे तक वरुण होटल मैं पधारेंगे ।वहां हमारे भूतपूर्व सैनिक ,महिला विंग तथा यूथ विंग के सदस्य उपस्थित रहेंगे । उनका स्वागत कार्यक्रम नाई की बगिया स्थित होटल वरुण के हॉल में रखा गया है ।सभी भूतपूर्व सैनिकों से निवेदन है कि समय पर पधार कर समारोह में शामिल हों और राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय को अपनी समस्याओं से अवगत कराएं।



## जेसीआई शिवपुरीस्वर्णा के द्वारा किया गया योग शिविर का आयोजन

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-21 जून इंटरनेशनल योगा डे पर शिवपुरी स्वर्णा के द्वारा होटल उदय विलास में योगाचार्य विजय सेन के निर्देश में किया गयायोग शिविर का आयोजन जिसमें महिलाएं बच्चे एवं बुजुर्ग एवं जेसीआई की सभी महिलाएं शामिल हुई एवं शिव गुरु के द्वारा योग से रिलेटिव परफॉर्मेंस की गई अध्यक्ष प्रियंका शिवहरे ने बताया की योग करने से हमारे शरीर में बहुत सारे फायदे होते हैं और हमें नियमित योग करना चाहिए जिसमें एचजीएफप्रियंका शिवहरे सचिव जैसी आरती जैन जैसी प्रियंका सोनी जैसी निशा गोयल जैसी नीता श्रीवास्तव जेसी राधा गोयलजैसी माधवी सोनी जैसी नीतू शिवहरे जेसी रश्मि गोयल जैसी रुचि मंगल एवं जेसीआई की सभी महिलाएं उपस्थित रही और अंत में योगाचार्य विजय सेन का माल्या अर्पण कर एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

## आज अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जैन मिलन की मुरैना महिला शाखाओं ने मिलकर योग दिवस पर आयोजित



रामस्वरूप रजक
पुष्पजलि टुडे

कार्यक्रम में अपना योगदान दिया जैन मिलन महिला,जैन मिलन महिला राजुल एवं जैन मिलन महिला वर्धमान तीनों शाखाओं के सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी श्रीमती कृष्णा सोनी द्वारा योग करने के सही तरीके एवं महिलाओं में होने वाले आम समस्याओं में योग किस तरह से महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और हम उन रोगों से कैसे छुटकारा पा सकते हैं इस बारे में विस्तृत जानकारी दी गई इस अवसर पर जैन मिलन क्षेत्रीय उपमंत्री वीरांगना शिल्पी जैन, क्षेत्रीय संयोजिका वीरांगना सरिता जैन, अति वीरांगना रेनू जैन , अध्यक्ष सुनीता जैन, सचिव आशिमा जैन , कोध्षयक्ष शिक्षा जैन, शशी जैन, नीलिमा जैन, सीमा जैन, बबीता जैन, कल्पना जैन, श्वेता जैन, दीपाली जैन आदि सदस्य उपस्थित मौजूद रहें।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## मानस भवन में हुआ सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है इस वर्ष भी योग दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम जबलपुर में आयोजित हुआ जिसमें अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति शामिल हुए। इस कार्यक्रम का प्रसारण प्रदेश के सभी जिलों में किया गया। शिवपुरी में यहां स्थानीय सामूहिक योग कार्यक्रम मानस भवन में आयोजित किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष राजू बाथम, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, राज्य मंत्री दर्जा प्रहलाद भारती, कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक रघुवंश भदौरिया सहित आयुष विभाग और खेल विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुष विभाग और खेल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से यह आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम



में राज्य स्तरीय कार्यक्रम से उपराष्ट्रपति जगदीप धनख?, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो संदेश, राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के उद्बोधन को सभी ने सुना। उसके बाद विभिन्न आसनों का योगाभ्यास किया गया। यहां मानस भवन में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में सभी ने योग करते हुए स्वस्थ रहने का संकल्प लिया।

## शिविर में 189 लोगों ने किया रक्तदान

पुष्पाजंली टुडे



बेंगलुरु में विजयनगर मारुति मेडिकल्स द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 189 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से भाग लिया और रक्तदान कर सामाजिक सरोकार दिखाया। मुणोत ने बताया कि आज के समय में जब हर दो सेकंड में किसी को रक्त की आवश्यकता होती है। रक्तदाताओं की बहुत आवश्यकता होती है। ऐसे मौके पर 189 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया द्य सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में गोसेवक महेंद्र मुणोत का जन्मदिन भी उनके प्रशंसकों और मित्रों ने सामाजिक प्रतिबद्धता के तहत मनाते हुए उनका जन्मदिन मनाया वहीं कई गणमान्य लोगों, शुभचिंतकों और संगठनों ने पहुंचकर मुणोत को शुभकामनाएं दीं। भाजपा नेता एच रवींद्र, उमेश शेट्टी, कांग्रेस नेता मोहन, कर्नाटक रक्षा मंच के एच शिवराम गौड़ा, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, भारत विकास परिषद के सदस्यों के साथ-साथ निगम के तत्काल पूर्व सदस्य जैसे आनंद होसुर, टी.वी. कृष्णा, के सदस्य ट्रा में महिला संघ, विशेष दिव्यांग बुद्धि वाले बच्चें, निगम सिविल सेवक उपस्थित रहे। रक्त एकत्र करने वाले बैंगलोर ब्लड बैंक, मल्लेश्वरम की सेवा भी उत्कृष्ट थी।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने आयोजित की बैठक

### भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध 24 जून को होगा जंगी प्रदर्शन

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा
पुष्पांजली टुडे

*जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री शिवजीत सिंह भैया राजा की अगुवाई में उनके निज निवास स्थान बड़ी बखरी गल्ला मंडी में एक बैठक का आयोजन किया गया आगामी 24 जून को पुरानी कलेक्ट्रेट के पास भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध जनहित के एवं भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी करेगी प्रदर्शन जिसमें सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से चर्चा कर समस्त कांग्रेस जनों को जवाबदेही सौंपी गई जिसमें सभी वरिष्ठ जन मोर्चा संगठन विभाग प्रकोष्ठ एवं मंडल सेक्टर के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे वरिष्ठ कांग्रेस जनों में रामेश्वर गर्ग, मुरारीलाल थापक, राजेश तिवारी, प्रमोद श्रीवास्तव, सुशील खरे, मुन्नीलाल, परसोत्तम जडिया, पवन जैन ,मनीष मिश्रा ,संजय पटेल, राज बहादुर पटेल, बाला प्रसाद लोधी, मनोज गुप्ता ,अनीश खान ,शशीकांत दिक्षित, बृजमोहन यादव, दीपक दास, दीपक तिवारी, वैभव थापक ,अक्षय तिवारी, रेहान खान ,अंकित शर्मा ,कदीर खान, संतोष विश्वकर्मा, कमल सिंह राजपूत ,सरदार सिह यादव ,मृगेंद्र सिंह गहरवार ,मार्तंड देव बुंदेला, इल्यास राइन रामदास जाटव ,सहित मोर्चा के पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया।*

## कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। कमलनाथ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में 24 जून सुबह 11 बजे स्थानीय बस स्टैंड में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें गत माह उज्जैन महाकाल लोक में आंधी तूफान से भारी भरकम भ्रष्टाचार एवं घोटालो से निर्मित सप्त ऋषियों की 6 मूर्तियां गिरकर खंडित हो गई एवं 12 जून को प्रदेश के सतपु?ा भवन में लगभग 20 घंटे तक अग्नि कांड से भवन में रखे सरकारी महत्वपूर्ण दस्तावेज, लगभग 20 करो? रूपये के फर्नीचर जलकर राख हो गए। मंत्रालय के समीप फायर स्टेशन होने प्रदेश में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार, घोटाले एवं ब?ती महंगाई रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल के दामों पर भारी वृद्धि, बेरोजगारी, महिलाओं, अबोध बालिकाओं पर हो रहे अत्याचार आदि के विरोध में रतन चंद जैन अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दमोह एवं मनु मिश्रा शहर कांग्रेस कमेटी दमोह ने समस्त कांग्रेसजनों से अपील है कि धरना प्रदर्शन में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।इस दौरान कांग्रेस के पूर्व विधायक नगर पालिका अध्यक्ष समस्त पार्षद ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम, सेक्टर, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, सरपंच पंच पार्टी के सभी वरिष्ठ जन, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, महिला कांग्रेस एवं सभी मोर्चा संगठन के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थिति का आग्रह है।

## शासकीय कन्या कोटा में विश्व योग दिवस के अवसर पर एकदिवशीय योग कार्यक्रम हुआ सपन्न

**योग एक अनुशासन है,यह चित्त और विर्तियो का निरोध है (आशा दत्ता)**

योग हमारे जीवन में बहुत ही महत्व रखता है, यह हमारे शरीर को शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रखने की प्रक्रिया है, जिसे हजारो वर्षो से भारत में उपयोग किया जाता है। यह एक प्रकार का व्यायाम है जिसमे कई प्रकार के आसन शामिल है। योग हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाता है तथा हमे शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है एवं शरीर के अंगो को लाभ पहुचता है। पुराने समय से योग को एक स्वस्थ जीवनशेली के लिए उपयोग किया जाता आ रहा है। हर किसी को योग करना चाहिए यह हमारी मानसिक क्षमता को भी ब?ाता है। नियमित योग करने से अनेक लाभ मिलते है। यह हमारे मस्तिष्क को मजबूत करता है और हमारे शरीर की मांसपेशियों के लिए भी लाभकारी है। भारत में हुए महान पुरुष योग की सहायता से ही खुद को शारीरिक तथा मानसिक रूप से विकसित किया करते थे। पहले कुछ देश योग को महत्व नही देते थे परन्तु अब विज्ञान ने भी यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिदिन योग करने से हमे कई फायदे मिलते हैं। वर्तमान में अधिकंश लोग अपनी सेहत पर ध्यान नही देते हैं और शरीर को बिमारियों का घर कर लेते हैं, अगर आप प्रतिदिन योग करेंगे तो आपको यह कई बिमारियों से बचा कर रखेगा। योग सिखने के लिए आप इन्टरनेट के अलावा किताबो की सहायता भी ले सकते है। अनियमित दिनचर्या शरीर पर बुरा असर डालती है जिससे हमारे शरीर के मुख्य अंग जैसे दिल, दिमाग, फेफड़े, लीवर, आँखे आदि कमजोर होते जाते हैं। भारत देश को योग का जनक देश कहा जाता है यहा प्राचीन काल से ही योग किया जाता है, भारत की हिन्दू संस्कृति में वेदों और धार्मिक ग्रंथो में योग का विवरण देखने को मिल जाता है। योग का अर्थ होता है जो?ना, भारतीय संस्कृति में माना जाता है कि योग करने से आप अपने मन को परम शक्ति से जोड़ते हैं। योग आपमें अनुशासन, धीरता आदि का विकास करता है। योग का इतिहास बहुत ही पुराना है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कि ''योग = कर्मसु कौशलम'' जिसका अर्थ है कि योग से कर्मों में कुशलाता आती है। योग चार प्रकार के होते हैं। जिसमे पहला है ÷राज योग÷ जिसके अंतर्गत सूर्य नमस्कार और पदमासन जैसे आसन आते हैं। फिर दुसरे स्थान पर है ÷कर्म योग÷ जिसका अर्थ कार्य से सम्बन्धित है जैसा आप कर्म करोगे वैसा ही फल आपको मिलेगा। तीसरे स्थान पर है ÷भक्ति योग÷ इसमें आपको शांति से बैठ कर ध्यान लगाना होता है। अंत में आता है ÷ज्ञान योग÷ जिसमे एक रूप में ज्ञानयोगी व्यक्ति ज्ञान द्वारा ईश्वरप्राप्ति मार्ग में प्रेरित होता है।

## भारत रत्न अटल बिहारी वापजेयी की स्मृति में हिन्दी भवन का भूमि पूजन कल

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि

ग्वालियर। मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा भवन के अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी भवन÷ का भूमि पूजन 24 जून को दोपहर 3 बजे सिटी सेंटर स्थित आवंटन भूमि पर होगा। मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा के मंत्री धीरज शर्मा ने बताया, कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ,शिवराज सिंह चौहान होंगे। अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री, श्रीधर पराड़कर होंगे। विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय मंत्री द्वय नरेन्द्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील चन्द्र त्रिवेदी, महामंत्री ऋषि कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री पवन पुत्र बादल, राष्ट्रीय मंत्री डॉ.नीलम राठी आदि अतिथि होंगे। संस्था के पदाधिकारियों ने प्रबुद्धजनों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। अपील करने वालों में सभा के वरिष्ठ सभासद विश्वनाथ मित्तल, जगदीश तोमर, शैवाल सत्यार्थी, मुरारी लाल गुप्त गीतेश, डॉ. कृष्ण मुरारी शर्मा, बसंत पुरोहित, सभा अध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव, उपाध्यक्ष दिनेश पाठक, डॉ पद्मा शर्मा, साहित्य मंत्री डॉ मंदाकिनी शर्मा, प्रचार-प्रसार मंत्री, राम चरण चिराड़÷रुचिर, पुस्तकालय मंत्री, डॉ.लोकश तिवारी, सभासद डॉ .सुखदेव मखीजा, मुकुंद पराड़कर, सुरेंद्र तिवारी, देवेंद्र तिवारी, विष्णु तिवारी, जगदीश गुप्त, डॉ सुरेश सम्राट, डॉ.कुसुम भदौरिया, डॉ. ज्योत्सना सिंह राजावत, डॉ. वंदना कुशवाह, डॉ वंदना सेन एवं अंकित अग्रवाल आदि शामिल हैं।

### पूर्ण मनोयोग से अपनाएं योग

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला जेल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

पुष्पांजली टुडे

दमोह। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देश एवं जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह अम्बुज पाण्डेय उपस्थिति में अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर बंदियों को जागरूक करने के उद्देश्य से जेल में योग शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राममनोहर सिंह दांगी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, अधीक्षक जिला जेल सी.एल. प्रजापति, उप जेल अधीक्षक रामनारायण नाग, योग शिक्षक के.के. परोहा एवं जेल स्टॉफ के साथ बंदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश/सचिव अम्बुज पाण्डेय ने बताया योग भारत की एक प्राचीन संस्कृति है जो मन, शरीर और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है। योग ध्यान और व्यायाम का एक रूप है जो लोगों के जीवन को बेहतर बनाता है इसकी मुद्राओं से न केवल भौतिक शरीर को लाभ होता है बल्कि यह व्यक्ति को आध्यात्मिक शांति भी देता है। अतः तन एवं मन की शुद्धि हेतु प्रत्येक व्यक्ति को नित्य योग करना चाहिये। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी



राममनोहर सिंह दांगी ने बंदियों को योग का महत्व बताते हुये कहा गया कि योग 5000 वर्ष पहले से किये जा रहे है, जिसे प्राचीन भारतीय दर्शन में मन और शरीर के अभ्यास के रूप में जाना जाता है। योग की विभिन्न शैलियां, शारीरिक मुद्रायें, सांस लेने की तकनीक, ध्यान और विश्राम को जो?ती है।योग शिक्षक के.के. परोहा द्वारा योग की विभिन्न शैलियों में से कोणासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, पद्मासन, वज्रासन, भुजंगासन, हलासन, शवासन आदि स्वंय करके दिखाये गये व उपस्थित अधिकारी, स्टॉफ, बंदियों द्वारा उक्त योगासन किये गये। साथ ही उन्हें योगमुद्रासन से होने वाले फायदे व गलत तरीके से करने पर होने वाले नुक्सानों के संबंध में जानकारी दी गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने योग की महत्ता बताते हुये उसके लाभों के बारे में बताया कि जो भी व्यक्ति प्रतिदिन योग करता है वह हमेशा निरोगी रहता है साथ ही शरीर एवं मन की शुद्धि होती है। मानसिक रूप से सुदृढ़ होने से व्यक्ति सही निर्णय लेते हुये सही कार्य करता है, जिससे आपराधिक गतिविधियां भी नहीं होतीं हैं। इसी तारतम्य में तहसील विधिक सेवा समिति हटा, पथरिया व तेंदूखे?ा में भी योग शिविर के आयोजन किये गये जिसमें न्यायिक अधिकारीगण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगणो द्वारा योगा किया गया।

# टांडा बरूड़ में बैंक ऑफ इंडिया हेण्ड आफीस धार के द्रारा केसीसी लेने वाले हितग्राहियों को लेकर बैठक रखी गई

खरगोन जिले से मुन्ना खान
पुष्पांजली टुडे

टांडा बरूड़ नगर बरूड़ में बैंक ऑफ इंडिया द्रारा धार अंचल के द्रारा किसानों को लेकर हितग्राहियों को लेकर आम जनता को लेकर बोईस स्कूल टांडा बरूड़ में टेंट कुर्सी लगाकर एक बैठक रखी गई जिसमें उपस्थित हुए उप आचालिक प्रबंधक सुनिल कुमार शर्मा वसुली आफीसर किसान कृषि विकास केंद्र एवं बैंक ऑफ इंडिया टांडा बरूड़ शाखा से प्रबंधक विकास मोदक उपस्थित रहे बैंक ऑफ इंडिया टांडा बरूड़ शाखा प्रबंधक द्रारा बैंक संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया जनता को बताया गया की आप का बैंक खाते साल भर दो बार पलटी करे नियमित चलाये आप का बैंक खाता बैंक से



अपने तालमेल अच्छा रखें ताकि बैंक ऑफ इंडिया टांडा बरूड़ शाखा आप को ऋष्ण देने पर विचार नहीं करे किसान क्रेडिट कार्ड तिन बातों को लेकर दिया गया किसान क्रेडिट कार्ड में किसान साल में पलटी खाते को दो बार करे सिविल संस्था से सारा रेकाड खाते का मालुम किया जाता है ताकि आप कई भी ऋष्ण ले इसका पता चलेगा बैंक से आप लेन देन अच्छा रखें लोन वेयर हाउस के लिए भी लोन दिया जाता जैसे 30 करोड़ का आप को लोन दिया जाये इसमें सब्सिडी 30 लाख रुपए तक है किसान क्रेडिट कार्ड से कई फायदे होते हैं टांडा बरूड़ में बैंक ऑफ इंडिया 90 प्रति शत लोन दिया गया लोगों को बाकी अन्य लोगों को 10 प्रति शत लोग होंगे बैंक संबंधी जानकारी देकर सभी खाते दारो को अवगत कराया गया बड़ी संख्या में खाते दार उपस्थित रहे व्यवस्था पक साबीर खान बैंक से मंशाराम

# उत्साह उमंग तथा उल्लास के साथ मनाया अंतराष्ट्रीय योग दिवस समारोह

पुष्पाजंली टुडे

**होसुर।** नोवा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पतंजलि योगा समिति कृष्णागिरी डिस्टिक होसुर मे तमिलनाडु के पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पारसमल के मार्गदर्शन में बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वेंकट स्वामी गुरुजी नंदकिशोर तिवारी एवं जिला संरक्षक विष्णु कांत, पीएमसी कॉलेज कुमार , अश्वत नारायण एडवाइट इंटरनेशनल स्कूल, भाजपा जिला अध्यक्ष नागराज ,जय प्रकाश, राजपूत समाज अध्यक्ष डॉ भवानीसिंह ,श्रीनिवास, एवं सीरवी समाज होसुर वडेर के सचिव तुलसाराम और पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी डॉ गिरीश , श्री राम प्रकाश ललिता अन्य जिला सदस्यगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पारसमल ने बताया कि योग बहुत लाभाकारी है। क्योंकि इससे न केवल तनाव



दुर होता है । ब्लकि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है। योग हमारे दिमाग के साथ हमारी आत्मा को भी शुद्ध करता है। एक आध्यात्मिक प्रक्रिया के द्वारा विशरीर एवं आत्मा को एक रूप कहलाता है। योग हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। और लोग इसे लगातार अपनी दिनचर्या का हिस्सा बन रहा है। उन्होनें कहा कि योग से केवल शारिरिक ही नही बल्कि मानसिक तौर पर भी कई सारे पहुंचते है। योग की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि योग एक प्राचिन अभ्यास है। जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई और इसने अपने शारिरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के लिए दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल की। इस आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चों और स्थानीय लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया । राष्ट्गान के साथ योग दिवस कार्यक्रम का समापन हुआ।

# चिकित्सा शिविर अत्तिबेले मै आज

**बेंगलुरू ।**सीरवी समाज वरतूर ट्रस्ट वडेर प्रागण मै आयोजित एक्युप्रेशर सुजोक वाइब्रेशन एवम मैग्नेटिक चिकित्सा सिविर के सफलतापूर्वक संपन्न होने के मौके पर थेरेपिस्ट डाक्टर एम ए चयनान



एवम डाक्टर तेजाराम चौधरी और सहयोगी का वरतूर बडेर भवन मै माला पहनाकर आई माताजी की तस्वीर भेट कर समाज के सचिव ज्ञानाराम सातपुरा सहसचिव माँगीलाल बर्फा पुजारी बाबूलाल सातपुरा मुकेश काग हरीश बर्फा ने स्वागत किया इस मौके पर सीरवी समाज अत्तिबेले से आए औम प्रकाश ने दिनांक 23 /06/2023 शुक्रवार से छः दिवसीय बुधवार तक चिकित्सा सिविर रोजाना सुबह 8 से 12 और साम को 4 बजे से 8 बजे तक आयोजित होने की जानकारी दी और वरतूर मै आयोजित सिविर की जानकारी प्राप्त कर इसी तरह अत्तिबेले समाज भवन मै कराने का आश्वासन दिए संस्था के पूर्व अध्यक्ष मुलाराम काग किशोर चोयल रमेश गहलोत हेमाराम हाम्बड दिलीप गहलोत वेनाराम काग एवम भंवरलाल बर्फा को शिविर का प्रचार-प्रसार का जिम्मा लेकर सफलतापूर्वक संपन्न कराने मै तन मन धन से सहयोग कराने के बारे मै मंथन कर रूप रेखा तैयार किए और ज्यादा से ज्यादा लोगो को इसका लाभ प्राप्त हो सभी सदस्यगण को पेम्पलेट सभी तक पहुंचाने और फोन पर संपर्क कर सिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का जिम्मा लिया।

# सीएम हेल्प लाईन शिकायतों के निराकरण मे भिण्ड पुलिस उत्कर्ष प्रदर्शन के साथ 12 वें स्थान पर

## विगत एक साल में निराकरण का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं उनकी टीम द्वारा प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत सम्पर्क कर सीएमहेल्प लाईन

**माह मई- 2023 की शिकायतों के निराकरण में सन्तुष्टी के प्रतिशत मे तीसरे स्थान पर**

शिकायतों का निराकरण कराया गया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रदेश में चलायी जा रही बहुआयामी योजना सीएमहेल्प लाईन न. 181 के तहत समस्त सहकारी विभागो में आमजन को समय पर सहायता ना मिलने की स्थितियों में आमजन सीधे सीएम हेल्प लाईन न. 181 पर शिकायत कर अपनी समस्या बता सकता है। उक्त शिकायतकर्ता के द्वारा की गयी शिकायत को सम्बन्धित विभाग को स्थानान्तरित कर उसके जल्द से जल्द निकाल हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा परिवेक्षण किया जाता है। इसी प्रकार पुलिस से सम्बन्धित शिकायतों का पूरा लेखा-जोखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रखा जाता है जिसमें पुलिस अधीक्षक भिण्ड मनीष खत्री एवं उनकी टीम द्वारा प्रत्येक शिकायत का बारीकी से अवलोकन किया गया, साथ ही प्रत्येक शिकायतकर्ता से सम्पर्क कराया जाकर उनके द्वारा बतायी गयी समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया



गया जिसके परिणाम स्वरुप जिला भिण्ड माह मई - 2023 के निराकरण में प्रदेश में 12वे स्थान पर ( 83.75 प्रतिशत) आया है जो जिला भिण्ड का विगत एक वर्ष के निराकरण मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है इसी क्रम में माह मई- 2023 दर्ज की गई शिकायतों का सन्तुष्टी पूर्वक निराकरण 55.16 प्रतिशत रहा है जो प्रदेश के जिलो में ( मई - 2023 में दर्ज की गई शिकायतों में ) सन्तुष्टी के प्रतिशत में तीसरे स्थान पर है ।उक्त उपलब्धी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक भिण्ड मनीष खत्री ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को प्रशंसा से एवं समस्त थाना प्रभारी / थानों में उक्त कार्य हेतु पदस्थ कर्मचारियों तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शिकायत शाखा में पदस्थ कर्मचारियों को 500 रुपये के नगद पुरुष्कार से पुरुष्कृत किया है।

# अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह से अवैध हथियार जप्त कर, 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में जिला भिण्ड

## पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान किया खुलासा

के थाना क्षेत्रों में सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों, चोरी एवं नकबजनी की रोकथाम हेतु शीघ्र प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये थे। इसी तारतम्य में नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री निशा रेड्डी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक शिव सिंह यादव को दिनांक 21/06/23 को सूचना प्राप्त हुयी कि चम्बल कॉलोनी में कुछ लोग इक्ट्ठा होकर बारदात करने की नियत से बैठे हुये है। उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा दो पुलिस पार्टी बनाकर



तत्काल सूचना पर कार्यवाही करते हुये 5 आरोपियों को मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान चम्बल कॉलोनी से घेराबन्दी कर पकड़ लिया गया पूछताछ करने पर वायपास पर बने पैटोल पम्प को लूटने की योजना बनाना स्वीकार किया, 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 2 कट्टा 315 बोर, 2 जिन्दा राउण्ड एवं 1 रिवाल्वर 32 बोर तथा 2 जिन्दा राउण्ड, एक ताला काटने का कट्टा,एक सब्बल, एक रस्सी एवं दो मोटर सायकिल जप्त की गयी जिस पर से आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

सभी आरोपियों से पूछताछ के दौरान थाना सिटी कोतवाली के क्षेत्र मे अन्य एक लूट, 3 चोरी की घटनाएँ भी करना स्वीकार किया है, इन सभी आरोपियों के कब्जे से उक्त लूट एवं चोरी का मसरुका - एक मोबाईल, 99,500 रुपये नगद जप्त किया गया है। जप्त मशरूका का विवरण :- एक रिवाल्वर 32 बोर तथा 02 जिन्दा राउण्ड,दो कट्टा 315 बोर तथा 2 जिन्दा राउण्ड, एक मोबाईल रियल मी कम्पनी, नगद 99,500 रुपये,दो मोटर सायकिल । कुल कीमती मसरुका - 03 लाख रुपये। उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक शिव सिहं यादव,उपनिरीक्षक अतुल भदौरिया, प्रधान आरक्षकों सत्येन्द्र, जितेन्द्र अवधेश, सुनील, आरक्षको दीपक, अभिषेक,रवि आर आनन्द महिला आरक्षक शिवानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# पृथ्वीराज चौहान द्वारा स्थापित गौरी सरोवर का राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने किया निरीक्षण



दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आव्हान पर चलाए जा रहे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर महा जनसंपर्क अभियान के तहत तीर्थ दर्शन विकास यात्रा के अंतर्गत शहर के किनारे बसे प्रमुख धार्मिक स्थल पृथ्वीराज चौहान द्वारा स्थापित ऐतिहासिक गौरी सरोवर का उत्तर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण करते हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गौरी सरोवर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए इसके लिए भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार की योजनाएं यहां लाकर इसको और आकार के रूप में विकसित किया जाए। राज्यसभा सांसद श्रीमती शाक्य ने गौरी सरोवर के किनारे भगवान शंकर के सोम मंदिर का जीर्णोद्धार के रूप में देखा सरोवर में बढ़ता हुआ पानी का स्रोत और वृक्षारोपण पार्क का निर्माण तथा ऐसे अनेक विकास कार्य तथा पुल को भी निरीक्षण किया जो सोंधी करण के लिए विकास की ओर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने महाकालेश्वर मन्दिर, गणेश मंदिर,प्रदेश सरकार एवं जन सहयोग जनभागीदारी स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से बनाई गई सभी पार्कों का दीक्षण भी या और विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। एक गौरी सरोवर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पूर्व में 1001 दीपक दान भी जलाकर जल दान कर चुके हैं। का निर्माण पृथ्वीराज चौहान द्वारा स्थापित किया गया। गौरी सरोवर मैं ओलंपिक खेल की दृष्टि से भी यह विकसित हुआ है जहां अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नौका रेस में खेल चुके हैं और जिन्होंने अपना नाम रोशन कर इस गौरी सरोवर को पूरे भारत में स्थापित किया यहां से निकले हुए खिलाड़ी भारत में अनेक गोल्ड मेडल भी जीत चुके हैं। राज्यसभा सांसद श्रीमती गीता शाक्य ने गौरी सरोवर की निरीक्षण के बाद वार्ड क्रमांक 12 में हाउसिंग कॉलोनी में जनसंपर्क किया और वहां के विस्तृत व्यापारियों दुकानदारों से भी उन्होंने विकास कार्यों को लेकर मुलाकात की। महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य क्षेत्रीय सांसद संध्या राय,महा जनसंपर्क अभियान के लोकसभा प्रभारी शैलेंद्र बरुआ,भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे,विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजूमहाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष शेरू पचौरी पार्षद यश जैन प्रमुख रूप से शामिल थे।

# आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांग जनों को उनके घर जाकर टी शर्ट दी



**पुष्पांजलि टुडे खरगोन से मुन्ना खान की खबर**

ग्राम पंचायत डोंगरचिचली बेजापुरा जामुनझिरी बड़ा और बरुड़ मे दिव्यांग जनों को टी शर्ट पहनाते हुए मानवाधिकार सुरक्षा संघ जिला खरगोन की टीम। इससे पहले संगठन ने दस जून 2023 को जिला स्तरीय दिव्यांग सहायता समारोह खरगोन मे जैतापुर स्तिथ रेवन्यास सभागृह में आयोजित कार्यक्रम किया था जिसमे दिव्यांग भाई बहनो का सम्मान भी किया गया था साथ में शक्त निशक्त जनो सभी के लिए भोजन की भी व्यवस्था रखी गई थी। जो दिव्यांग भाई बहन उस कार्यक्रम में शामिल नही हो पाए थे येसे आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांग जनों को उनके घर पर जाकर टी शर्ट वितरित की जा रही है। प्रदेशाध्यक्ष सतीश गांगले, जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले के मार्गदर्शन में तहसील अध्यक्ष सुनील दवाने, उपाध्यक्ष रूपेश प्रजापत, संजू बामनिया, नीरज मेहता, गौतम गांगले, मंगल चौहान,आदि संगठन के पदाधिकारियों ने उनके ग्राम में जाकर सहायता की।

# पुलिस व सायबर सेल के सयुंक्त आपरेशन में जहरखुरानी कर ट्रेक्टर चोरी करने वाले अतंरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** विगत कुछ महीनो से चम्बल जोन के भिण्ड,मुरैना व दतिया जिलो मे हो रही जहरखुरानी कर टेक्टर चोरी की बारदातो का संज्ञान में लेते हुये पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन द्वारा कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि बिशेष टीम गठित कर वारदात करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करे।

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे द्वारा जहरखुरानी कर ट्रेक्टर चोरी करने वाले कुख्यात अतंरराज्यीय गिरोह को पकड़ने हेतु एसडीओपी मेहगांव आर. के. एस. राठौर व थाना गोरमी की टीम,एसडीओपी गोहद सौरभ कुमार तथा थाना गोहद चौराहा की टीम तथा डीएसपी महोदय मुख्यालय भिण्ड अरविंद शाह व साईबर सैल के मार्गदर्शन में टीम बनाकर गिरोह का पर्दाफाश के लिये लगाया गया,उक्त जहरखुरानी करने वाले गिरोह का पुलिस अधीक्षक भिण्ड द्वारा 10 हजार रू. का ईनाम भी घोषित किया गया है।

इसी तारतम्य में गठित टीमो द्वारा आसूचना संकलन कर तथा तकनीकी व सीसीटीव्ही कैमरो की सहायता से जहरखुरानी करने वाले गिरोह के संबंध में जानकारी एकत्रित कर उनके मिलने वाले संभावित स्थान रामगढ हरचंद का पुरा थाना दिबियापुर जिला औरैया, द्वारिका झीझक जिला देहात कानपुर उ.प्र.,भदावल,खायरा, चैनपुरा, दी गढी थाना छाता जिला मथुरा आदि स्थानो पर दविश देकर जहरखुरानी करने वाले कुख्यात अतंरराज्यीय गिरोह के सदस्यो की धरपकड़ की गई। धरपकड़ के दौरान गिरोह के 6 सदस्यों को पकडे गये पूछताछ के दौरान उनके कब्जे से हाल ही में थाना गोरमी, थाना गोहद चौराहा जिला भिण्ड तथा थाना कैलारस जिला मुरैना से जहरखुरानी की बारदात कर जाये गये 3 ट्रेक्टरों को बरामद किया गया,पकडे गये गिरोह के सदस्यों का पुलिस रिमाण्ड लिया जाकर पूछताछ की जा रही है गिरोह के अन्य सदस्यो एवं अन्य घटनाओ के खुलासे की पूर्ण सम्भावना है गिरोह के सदस्यों पर मथुरा,कानपुर देहात,इटावा, सिरसागढ,फतेहपुर,भिण्ड,मुरैना तथा दतिया आदि स्थानो पर दर्जनो आपराधिक रिकार्ड है।

बारदात करने का तरीका कुख्यात अतंरराज्यीय गिरोह के सदस्यों का अलग- अलग काम बटा हुआ है, जिसमे कुछ सदस्य मो.सा. से भिण्ड,मुरैना तथा दतिया जिलो में आकर ऐसे टेक्टरो चालको को टारगेट करते है जो उनकी बातो में आसानी से आ जाये जैसे कि दिनांक 24/01/23 को रवि गुर्जर को गाता के सामने रोड पर से मधुमख्खी के 60 डिब्बे लाने के लिये भाडे का टेक्टर कर अपने साथ ले गये थे रास्ते में गाजर के हलुआ में जहरीला नशा की गोली मिलाकर रवि गुर्जर को खिलाया जिससे वह वेहोश हो गया उसे रोड किनारे पटककर टेक्टर को लेकर चले गये। फरियादी को दो दिन वाद होश आने पर थाना गोरमी में अप.क्र. 25/23 धारा 420,328 भादवि का कायम किया गया।

इसी तरह दिनाक 22/03/23 को गौहद चोराहा से लज्जाराम बंजारा से गिरोह के सदस्य द्वारा





मुरैना से पाईप लाने के लिये टेक्टर को भा? पर अपने साथ ले गये रास्ते में मौका देखकर चाय में जहरीली नशे की गोली मिलाकर पिलाई जिससे वह बेहोश हो गया जिसे रोड के किनारे पटक कर टेक्टर ले गये लज्जाराम बंजारा को दो दिन बाद होश आने पर रिपोर्ट की जिस पर से थाना गोहद चौराहा पर अप.क्र. 87/23 धारा 379,328,34 भादवि का कायम किया गया।

इसी तरह 24 मई 2023 को सोनू कुशवाह को गिरोह के सदस्य द्वारा मुरैना से बोरिंग के पाईप लेकर सबलग? ले जाने के लिये टेक्टर को भाडे पर अपने साथ ले गये रास्ते में मौका देखकर कोल्ड ड्रिंक में जहरीली नशे की गोली मिलाकर पिलाई जिससे वह बेहोश हो गया जिसे रोड के किनारे पटक कर टेक्टर ले गये सोनू कुशवाह को एक दिन वाद होश आने पर रिपोर्ट की जिस पर से थाना कैलारस पर अप.क्र. 196/23 धारा 328,382 भादवि का कायम किया गया। उक्त ट्रेक्टर को यहाँ से ले जाकर पूर्व से निर्धारित स्थान गोवर्धन जिला मथुरा के पास गिरोह के कुछ सदस्य मिलते थे जो टेक्टर के अनुसार एक लाख से दो लाख के बीच पैसे देकर टेक्टर ले लेते थे। गिरोह के जो सदस्य घटना करके टेक्टर ले जाते थे वह पैसे लेकर अपने घर चल जाते थे गिरोह के अन्य सदस्य ग्राम भदावल, खायरा, चैनपुरा, दही गढी थाना छाता जिला मथुरा के ग्राम मे रखकर टेक्टर के फर्जी कागज तैयार कर व टेक्टर में अन्य बदलाव कर दूसरे लोगो के बेचा करते थे इस तरह कुख्यात अतंरराज्यीय गिरोह द्वारा कई जगह पर घटना को अंजाम देकर सैकडो टेक्टरों को बेचा गया है। कुल 19.87,000 रू का मशरूका जप्त किया गया है

## बरामदगी का विवरण

- महिन्द्रा 575 डीआई लाल रंग का टेक्टर कीमत 6 लाख रु. (थाना गोरमी), महिन्द्रा 575 लाल रंग का टेक्ट्र कीमत 7 लाख रु. (थाना गोहद चौराहा),स्वराज फोर स्टार 744 टेक्टर कीमत 6 लाख रु0 (थाना सबलगढ),होण्डा साईन मो.सा. कीमत 70,000 रु. ,जप्त नगदी 17,000 रू. ,जहरीली नशे की गोली 54 गोली

## सराहनीय भूमिका

निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेगर थाना प्रभारी गोरमी, निरीक्षक उपेन्द्र छारी थाना प्रभारी गोहद चौराहा,निरीक्षक बेदेन्द्र सिंह कुशवाह थाना प्रभारी कैलारस मुरैना एवं थाना टीम तथा सायबर सेल टीम उपनिरीक्षको में दीपेन्द्र यादव, शिवप्रताप सिंह तथा सुधाकर सिंह तोमर,उपनिरीक्षक वैभव तोमर,उपनिरीक्षक कलियान सिंह यादव,सहायक उपनिरीक्षकों में दीपक तोमर,सत्यवीर सिंह,प्रधान आरक्षकों में राकेश,रामवीर,महेश,सतेन्द्र यादव, प्रमोद पाराशर,आरक्षकों में राहुल यादव,यतेन्द्र,आनंद,हरिपाल, रामकुमार तोमर,शिवकुमार तोमर पंकज शुक्ला,योगेन्द्र तिलक,मान सिहं तथा दतिया पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

## पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने आमजन से की अपील

पुलिस अधीक्षक जिला भिण्ड ने आमजन से अपील है,कि अगर किसी अनपरिचित व्यक्ति द्वारा टैक्टर व अन्य वाहन को भाडे के लिये ले जाता है तो पूर्ण सतर्कता बरते और ऐसे व्यक्ति के साथ भा? के लालच में न जाये उस व्यक्ति की पूर्ण जानकारी हो तभी उसके साथ जाये अगर इस तरह किसी व्यक्ति पर संदेह हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दे सतर्कता ही बचाव है।

# लौकिक व आध्यात्मिक शक्ति का योग मार्ग

**योग दिवसः** योग पद्धति साधकों व सांसारिकों दोनों के लिए लाभप्रद है। इन दिनों योग-आसन हठयोग की क्रियाएँ अधिक।



■ अशोक 'प्रवृद्ध'

पतंजलि ऋषि के योगदर्शन में आसन सबन्धी केवल चार सूत्र हैं। आसन की परिभाषा है - स्थिरसुखमासनम्। अर्थात सुख पूर्वक स्थिरता से, बिना हिले-डुले, एक स्थिति में बैठना आसन है ताकि अधिक समय तक ध्यान की अवस्था में बैठा जा सके। विभिन्न अनुसंधानों से पाया गया कि ध्यान से मानसिक तनाव का कम होना, उच्च रक्तचाप का नीचे आना, श्वास रोग के ठीक होने आदि में प्राप्त होता है।

योग-पद्धति एक धर्म निरपेक्ष, मानवमात्र हितकारी पद्धति है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र की जनरल एसेंबली में 11 दिसम्बर 2014के दिन यह फैसला हुआ कि हर साल21जून वैश्विक तौर पर योग दिवस मनाया जाएगा। इसके प्रस्ताव का 177 देशों ने अनुमोदित किया। इसके बाद 21 जून 2015 को प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। तब से प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इसके लिए प्रतिवर्ष एक थीम अर्थात विषय तय किया जाता है। इस वर्ष 2023 में 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय अर्थात थीम वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर वन वर्ल्ड, वन हेल्थ रखी गई है। इस थीम को आयुष मंत्रालय द्वारा चुना गया है।

योग एक विस्तृत आध्यात्मिक पद्धति है, जिसका ध्येय आत्मा और परमात्मा का मिलन है। पतंजलि ऋषि के योगदर्शन में आसन सबन्धी केवल चार सूत्र हैं। आसन की परिभाषा है -स्थिरसुखमासनम्। अर्थात सुख पूर्वक स्थिरता से, बिना हिले-डुले, एक स्थिति में बैठना आसन है ताकि अधिक समय तक ध्यान की अवस्था में बैठा जा सके। विभिन्न अनुसंधानों से पाया गया कि ध्यान से मानसिक तनाव का कम होना, उच्च रक्तचाप का नीचे आना, श्वास रोग का ठीक होना, ध्यान लगाने वाले छात्रों का अध्ययन में प्रगति करना, अनगिनत रोगों में रोगियों का ध्यान लगाने से अन्यों की अपेक्षा शीघ्र ठीक होना, अफीम आदि के व्यसनियों का ध्यान लगाने से व्यसन से छुटकारा पाना आदि लाभ प्राप्त होते हैं। योग पद्धति साधकों एवं सांसारिकों दोनों के लिए लाभप्रद है। परन्तु वर्तमान में प्रचलित योग-आसन हठयोग की क्रियाएँ हैं।

हठयोग के ग्रन्थों में पशु-पक्षी के आकार के 84 आसनों का वर्णन है, जैसे मयूरासन, भुजंगासन आदि। ये आसन स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभप्रद हैं, परन्तु ध्यान लगाने के लिए



उपयुक्त नहीं। मनुष्य चाहे कितनी तरह से अपने शरीर को मरोड़कर, एक वक्राकार टिड्डा की तरह बैठकर -गर्भासन, या एक शलभ के समान बनाकर शलभासन में बैठ सकता है, लेकिन यदि उस स्थिति में ध्यान की अवस्था नहीं है, चेतना की एकाग्रता नहीं है, तो उसे योग नहीं कहा सकता।

योग दो प्रकार के हैं- लौकिक और आध्यात्मिक। लौकिक विषय पर ध्यान लगाने वालो को लौकिक सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं, जैसे न्यूटन ने गिरते हुए सेब पर ध्यान लगाया, विश्व को गुरुत्वाकर्षण का ज्ञान दिया। इसी प्रकार आध्यात्मिक विषय पर ध्यान लगाने वालों को आध्यात्मिक शक्तियाँ प्राप्त होती हैं। योग आसनों में तीन आसन स्वास्थ्य की दृष्टि से अतीव महत्त्वपूर्ण माने जाते हैं- शीर्षासन, सूर्य नमस्कार आसन और सर्वांगासन। इन तीनों से शरीर के समस्त अंग-प्रत्यंग सुचारु रूप से कार्य करते हैं, और सुदृढ़ होते हैं। वैदिक मत के अनुसार सूर्य का अर्थ ईश्वर है। वेदों में ईश्वर को सूर्य, अग्नि, इन्द्र, विष्णु आदि कई नामों से वर्णित किया गया है। वेद में प्रयुक्त इन्द्र, वरुण, सूर्य आदि देवता वाचक शब्द सभी परोक्ष के द्योतक हैं, दृश्य के पीछे अदृश्य, सान्त के पीछे अनन्त, अपरा के पीछे परा, दिव्य, सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान के द्योतक हैं। यह तथ्य वेद के अन्तः साक्ष्य से भी सिद्ध होती है। यजुर्वेद 7-42 का कथन है-

*सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च ।*

अर्थात- सूर्य इस चेतन जगत एवं जंगम (स्थावर) जगत की आत्मा है। सूर्य तो स्वयं जड़ है और इस समस्त स्थावर जगत का एक तुच्छभाग है। वह जड़ एवं चेतन जगत की आत्मा (चेतन सत्ता) कैसे हो सकता है? नक्षत्र विज्ञान के अनुसार सूर्य हमारी आकाश गंगा का एक सामान्य तारा है, जिसमें अरबों तारे हैं। इतना ही नहीं, सारे ब्रह्माण्ड में अरबों ऐसी और इससे भी कई गुना बड़ी आकाश गंगाएँ हैं। इतने विशाल ब्रह्माण्ड की आत्मा एक अदना सा सूर्य नहीं हो सकता। इससे स्पष्ट हो जाता है कि यहाँ सूर्य का अर्थ ईश्वर है।

सूर्य को एक प्राकृतिक शक्ति के रूप में देवता कहा गया है। लेकिन सूर्य शब्द के लाक्षणिक-अर्थ ईश्वर न लेकर रुढ़ अर्थ-तारा ले लिए जाने के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। उल्लेखनीय है कि देव या देवता वह है, जो देता है अथवा चमकता है। प्राकृतिक पदार्थ जो हमें लाभ पहुंचाते हैं, या चमकते हैं, देवता कहलाते हैं। वे केवल उस ईश्वर की शक्तियों को परिलक्षित करते हैं। यही कारण है कि वेद में सभी देवताओं के उसी ईश्वर में समा जाने की बात कही गई है -

*अस्मिन्‍ सर्वे देवाः एकवृत्तो भवन्ति।*

अर्थात- सभी देवता (प्राकृतिक शक्तियाँ) उसी ईश्वर में समा जाते हैं।

यजुर्वेद 33-31 में कहा है –

देवं वहन्ति केतवः।

दृशे विश्वाय सूर्यम्।

अर्थात - सूर्य, चन्द्र आदि मानो परमदेव की पताकाएँ (केतवः= झण्डे, पताका) हैं, उसके यश को संसार में फैलाती है और विश्व के लोगों को सूर्य के समान प्रकाशवान ईश्वर को दर्शाती हैं। यहाँ भी सूर्य का अर्थ ईश्वर है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सूर्य नमस्कार आसन एक प्रकार से ईश नमस्कार आसन है। ईश नमस्कार का अर्थ है - अल्लाह को सजदा। हे परमपिता! हमें शक्ति दो कि हम सूर्य और चाँद की भांति निरन्तर अपने कर्त्तव्य एवं परोपकार के कल्याणकारी मार्ग पर चलते रहें।

## समाचार विश्लेषण : ब्रिटेनः सदमे में है भारतीय समुदाय

हालिया घटनाओं के बाद ब्रिटेन में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के संगठनों ने सभी से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने अपील की है कि भारतीय छात्र सुरक्षा संबंधी उपायों के बारे में अपनी जागरूकता बढ़ाएं।

ब्रिटेन में अलग-अलग मामलों में एक ही हफ्ते में भारतीय मूल के तीन व्यक्तियों की हत्या से समुदाय सदमे में है। दक्षिणी लंदन में शुक्रवार को भारतीय मूल के एक 38 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर दी गई। स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस बल ने इस मामले में 25 वर्षीय एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की स्पेशलिस्ट क्राइम कमांड इस घटना की जांच कर रही है।

भारतीय मूल के अरविंद शशिकुमार की साउथ पार्क के साउथैंप्टन वे पर स्थित एक घर के सामने चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में जिस व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, उसका नाम सलीम है और शनिवार को उसे क्रोयडन मैजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया।

पुलिस की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि घटना स्थानीय समय अनुसार रात के वक्त करीब डेढ़ बजे हुई। पुलिस ने कहा, 16 जून की रात को 1.27 मिनट पर सूचना मिली की साउथैंप्टन वे पर एक घर के सामने एक व्यक्ति घायल पड़ा है। लंदन एंबुलेंस सेवा और अफसर मौके पर पहुंचे लेकिन आपातकालीन सेवाकर्मियों की कोशिशों के बावजूद अरविंद को बचाया नहीं जा सका। शुक्रवार को हुए पोस्टमॉर्टम में इस बात की पुष्टि हुई कि छाती पर चाकू के वार से उनकी जान गई।

अरविंद शशिकुमार भारत के केरल राज्य के रहने वाले थे। इस घटना के बारे में लेबर पार्टी की सांसद हैरिएट हरमन ने ट्वीट कर कहा, साउथैंप्टन वे/कोलमन रोड पर भयावह हत्या हुई है।

शोकसंतप्त परिवार के साथ गहरी संवेदना। अगर आपके पास कोई जानकारी है या दोषियों को न्याय के कठघरे तक पहुंचाने में कोई मदद कर सकते हैं तो पुलिस से संपर्क करें।

*(शेष बॉलीवुड पेज पर)*

## बात हुई, यही काफी

अमेरिका और चीन ने एक दूसरे को अपनी शिकायतें बताई। इसके बाद भी दोनों पक्ष बातचीत जारी रहने पर सहमत हुए, तो इसे इसी बात का संकेत माना जाएगा कि 'दो टूक' वार्ता से बात बिगड़ी नहीं।

*अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन की चीन यात्रा से क्या कोई ठोस नतीजा निकला, यह कहना कठिन है। बहरहाल, दुनिया की दोनों महाशक्तियों के बीच बातचीत हुई, यह भी कोई कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। कूटनीति की दुनिया में कहा जाता है कि बातचीत तब जरूरी नहीं होती है, जब दो देशों में रिश्ते अच्छे हों- बल्कि इसकी अनिवार्यता तब होती है, जब संबंधों में टकराव बढ़ रहा हो। ऐसे में इस पर ही राहत महसूस की गई है कि ब्लिंकेन चीन गए और वहां चीन के विदेश मंत्री चिन गांग, टॉप डिप्लोमेट वांग यी और आखिर में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे सामने 'दो टूक' ढंग से एक दूसरे से अपनी शिकायतें बताईं और साथ ही एक दूसरे को अपनी अपेक्षाओं से भी अवगत कराया। इसके बाद दोनों पक्ष बातचीत जारी रहने पर सहमत हुए, तो इसे इसी बात का संकेत माना जाएगा कि 'दो टूक' वार्ता से बात बिगड़ी नहीं। दोनों ही देशों ने अपनी विज्ञप्तियों में कहा है कि वार्ता 'ठोस और रचनात्मक रही'। तो अब चीन के विदेश मंत्री वॉशिंगटन जाएंगे।*

*इस तरह दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती होड़ के बीच किसी 'गहलतफहमी' के कारण कोई 'हादसा' ना हो जाए, इसे सुनिश्चित करने का तंत्र बनाने पर विचार-विमर्श जारी रहेगा। बीजिंग वार्ता में इसी मकसद से अमेरिका ने दोनों देशों की सेनाओं के बीच संवाद का तंत्र बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे चीन ने ठुकरा दिया। इसकी वजह संभवतः यह है कि चूंकि अमेरिका की राय में चीन में सैनिक और असैनिक प्रशासन के बीच कोई विभाजन रेखा नहीं है, तो फिर उससे सैन्य स्तर पर अलग से वार्ता का कोई तर्क नहीं बनता। बहरहाल, यह आकलन दोनों ही तरफ है कि दोनों देशों के बीच टकराव की वजहें बुनियादी हैं, और चूंकि दोनों में से कोई देश अपने बुनियादी मकसद पर समझौता करने को तैयार नहीं है, इसलिए दोनों देशों की होड़ को रोकना संभव नहीं है।*

अपनी बात
संपादकीय

## बड़े बदलाव की जरूरत

भारत में अंग प्रत्यारोपण जीवित डोनरों के जरिए संभव हो पाता है। लेकिन मृत अंगदाताओं के अंग प्रत्यारोपण के मामले देश में बहुत ही पीछे है। इस कारण अनेक ऐसी जानें चली जाती हैं, जिन्हें बचाया जा सकता था।

*भारत में अंगदान की मांग उपलब्धता की तुलना में बहुत ज्यादा है। कारण देश में अंगदान करने वाले लोगों की भारी कमी है। प्रति दस लाख आबादी में सिर्फ एक व्यक्ति ऐसा होता है, जो मरने के बाद अपने अंगदान का वसीयत करता है। यह संख्या अमेरिका और स्पेन जैसे देशों की तुलना में बहुत कम है, जहां डोनरों की दर दुनिया में सबसे ऊंची है। वहां यह दर प्रति दस लाख लोगों पर 40 है । जबकि भारत में अंग प्रत्यारोपण की जरूरत बड़ी संख्या में मरीजों को पड़ती है। अंग ना मिलने के कारण कई मरीजों की मौत हो जाती है। डॉक्टर और प्रत्यारोपण विशेषज्ञों के मुताबिक अंगदाताओं कमी के कारणों में जागरूकता की कमी, प्रत्यारोपण से संबंधित गलत मान्यताएं और बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। भारत में अंग प्रत्यारोपण जीवित डोनरों के जरिए संभव हो पाता है। गौरतलब है कि अमेरिका के बाद भारत दुनिया में जीवित डोनर ट्रांसप्लांट करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश है। लेकिन मृत अंगदाताओं के अंग प्रत्यारोपण के मामले देश में बहुत ही पीछे है। यह भी एक प्रमुख समस्या है कि अंगदान करने के इच्छुक लोग मिल भी जाएं, तो सभी अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी तमाम प्रक्रियाओं के लिए जरूरी उपकरण मौजूद नहीं हैं।*

*भारत में सिर्फ 250 अस्पताल ही नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन से पंजीकृत हैं। यह संगठन देश के अंग प्रत्यारोपण संबंधी कार्य का समन्वय करता है। इंडियन ट्रांसप्लांट न्यूजलेटर में ?भारत में मृतक के अंगदान से जुड़ी प्रगति? नाम से प्रकाशित एक आलेख के मुताबिक अति गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए कॉरपोरेट अस्पतालों में सबसे ज्यादा अंग दान किए जाते हैं, जबकि सरकारी अस्पतालों में 15 फीसदी से भी कम अंग प्रत्यारोपण होते हैं। जबकि इस अध्ययन के मुताबिक भारत में अंगदान की ठोस संभावना पब्लिक सेक्टर के अस्पतालों में निहित है, जहां मेडिको-लीगल कारणों के चलते बड़ी संख्या में हेड ट्रॉमा के मामले आते हैं। तो जाहिर है, सोच के साथ-साथ सिस्टम बदलने की भी जरूरत है।*

भले ही किसी ने बरसों किसी कॉलेज में एड-हॉक शिक्षण किया हो, या किसी ने कितनी सारी पुस्तकें लिखी हों, अगर उसके पास कोई जुगाड़ न हुआ तो सब मिथ्या है, सब व्यर्थ। और इस बात की पूरी गारंटी है कि अगर आपके ऊपर किसी का वरदहस्त है तो आपने अभी शोध भी न किया हो, किसी कक्षा में विद्यार्थियों का मुंह भी न देखा हो, तो भी आप निर्विवादित चुन लिए जाएंगे।अंधेरनगरी यह नहीं तो और क्या!

# सीधी रीढ़ रखी तो सफल नहीं हो सकता?

अदिति भारद्वाज



एक बड़े-से कॉलेज में साक्षात्कार का समां। दिल्ली के व्यापारिक केंद्र में स्थित एक बड़ा, नामचीन, पुराना महाविद्यालय। स्थायी नौकरी के स्वप्न के सच हो जाने की मृगतृष्णा में, बेतहाशा उमड़ी भीड़। सबके-सब योग्य दिखते हुए। सबके सब ज़रूरतमंद। सब उम्मीदों से भरे। वर्ग की क्षमता के अनुसार सजे-धजे। अपनी-अपनी शैक्षणिक योग्यता का भारी पुलिंदा उठाए, एक विशाल-से कमरे में विराजमान। बस आंखों में उस घड़ी का इंतज़ार करते हुए कि कब आखिरकार उनकी बारी आए और वो अपनी सारी चिंताएं, निराशाएं और डर को एक झूठी मुस्कान से छिपाए, ख़ुद को हरसंभव सहज बनाकर,अंदर जा सकें, वहां आए महानुभावों को अपनी क़ाबिलियत का यक़ीन दिला सकें। उन पर यह राज़ खोल सकें कि जिस एक योग्य प्रत्याशी की उनकी अनुभवी आंखों को तलाश है, वो दरअसल, वही तो हैं।

वही तो हैं, जिन्होंने इतनी ज़ेहनी मशक़्क़तों से ऐसी डिग्रियां कमाई हैं। इतने सारे शोध-पत्र लिख डाले हैं, किताबें क्या, महाकाव्यों तक की रचनाएं कर रखी हैं। और यह सब कुछ महज़ एक अदद उद्देश्य के लिए कि ऐसे-ऐसे महाविद्यालयों की कक्षाओं में विद्यार्थियों की पीढ़ी-दर-पीढ़ी को अपने ज्ञान से सींच सकें। और इसके साथ जो कुछ अदना-सा मेहनताना मिल जाए उससे अपनी जीवन नैया को बेरोज़गारी की लहरों में गोतें लगाने से बचा सकें।

वस्तुतः वह यह सब कुछ साक्षात्कार लेने वालों को कह डालना चाहते हैं। पर साक्षात्कारकर्ता ऐसा कोई मौका उन्हें नहीं देना चाहते। उनसे कुछ ऐसे रस्मी सवाल पूछ भर लिए जाते हैं जिनसे जूझते हुए ही साक्षात्कार के लिए मुक़र्रर समय ख़त्म हो जाता है और एक खीझ भरी विवशता से उन्हें बाहर आ जाना होता है। पर उनका बस चले तो वह इन साक्षात्कारकर्ताओं से साफ़-साफ़ कह डालें कि अगर वाक़ई हमारी प्रतिभा देखकर आप क़ायल हो जाएं तब तो कोई बात ही नहीं। वरना कड़ी धूप में, पापड़ बेलकर पहुंचते, पसीने से भीगे बदन को गर्द खाए पंखों के सामने सुखाकर ख़ुद को भरसक तरोताज़ा बना, इंटरव्यू रूम में पेश होते अभ्यर्थी के साथ महज़ टाइम पास न करें।

या कुछ नहीं तो, वस्तुतः ही विषय के अथाह समुद्र से मोती की तरह चुने सवाल इस क़दर पूछे जाने लगें कि लगे कि साक्षात्कार नहीं बल्कि इनसाइक्लोपीडिया का रट्टा लगाने की प्रतियोगिता हो। जो बहुत संभव है पूछने वाले ने भी बस आज़माने भर को ही पूछा हो।इस पूरे परिवेश की नाटकीयता से दिल डूबने-सा लगता है। साक्षात्कार क्या किसी नियम को निबाह देने भर की प्रक्रिया है? क्या आज कोई यह कल्पना नहीं कर सकता कि उसका चयन सिर्फ़ और सिर्फ़ उसकी योग्यता के आधार पर होगा? और अगर चयन न भी हो तो उसकी वजह भी स्पष्ट और वस्तुनिष्ट आधारों पर सिद्ध की जा सकेगी?

साक्षात्कार देने आए लगभग हर अभ्यर्थी की एक आम सहमति अगर होती है तो केवल इस बात पर कि जिस किसी ने किसी तथाकथित ऊपर वाले (शिक्षक,प्राचार्य,सभा-समितियों के अध्यक्ष, संगठन-प्रमुख,राजनीतिक साख रखने वाली हस्ती,संस्थाओं के निदेशकों) से कहकर साक्षात्कारकर्ताओं पर ज़ोर न डलवाया हो तो यहां तो कोई दाल नहीं गलने वाली।भले ही किसी ने बरसों किसी कॉलेज में एड-हॉक शिक्षण किया हो, या किसी ने कितनी सारी पुस्तकें लिखी हों, अगर उसके पास कोई जुगाड़ न हुआ तो सब मिथ्या है, सब व्यर्थ। और इस बात की पूरी गारंटी है कि अगर आपके ऊपर किसी का वरदहस्त है तो आपने अभी शोध भी न किया हो, किसी कक्षा में विद्यार्थियों का मुंह भी न देखा हो, तो भी आप निर्विवादित चुन लिए जाएंगे।

अंधेरनगरी यह नहीं तो और क्या! और इससे भी बड़ा अंधेर कि सबने इस तथ्य को सार्वभौमिक सत्य की तरह आत्मसात कर लिया है, क्या शिक्षक, क्या विद्यार्थी। बहुत संभव है अधिकतर ने इस सत्य पर मुहर लगाने के लिए अपने-अपने ज़ोर भी लगवा लिए हों, पर सोचा जाए तो, क्या इन महाविद्यालयों में, देश की राजधानी के कॉलेजों में पढ़ाने का क्या वाक़ई यही एक रास्ता रह गया है? और कोई विकल्प नहीं? रीढ़ सीधी रखकर क्या अब इस शिक्षण व्यवस्था में कोई सफल नहीं हो सकता?

सोचने की बात यह है कि, क्या सबके सब अपना जुगाड़ लगाकर आते हैं, या शायद मन में अब भी एक उम्मीद बची होती हो कि आज उनकी क़िस्मत ही साथ दे दे। हर धर्म के अनुयायियों की तरह ही इंटरव्यू देने आने वाले विद्यार्थियों की भी अपनी-अपनी मान्यताएं, अपने-अपने भ्रम होते हैं। मसलन, जो कहीं कोई दिल्ली की बाहर की यूनिवर्सिटी का पढ़ा हुआ हो तो वह मानकर ही चल रहा होता है कि बस दिल्ली वालों को ही 'ये लोग' लेते हैं, उनका तो कोई चांस ही नहीं, वो तो बस तमाशा देखने पहुंच गए हैं।

समझ नहीं आता कि अस्पृश्यता के संवैधानिक रूप से ग़ैरक़ानूनी होने के बाद भी कैसे ये तथाकथित 'ये लोग' ऐसा भेदभाव कर रहे हैं। फ़र्ज़ करें अगर किसी के पास यह तथाकथित जुगाड़ न हो तो क्या वह ऐसे साक्षात्कारों में बस भीड़ बढ़ाने पहुंचता है? क्या वह उस भीड़ का हिस्सा बन जाता है जिसकी तरफ़ इशारा करके ये साक्षात्कारकर्ता कह सकें कि भई हमने तो पूरी ऑफ़िशियल कार्रवाई करके, विश्वविद्यालय के नियमों के शत-प्रतिशत पालन के साथ साक्षात्कार करवा कर अपनी रिक्तियां भरी हैं। अब एक अनार और हज़ार बीमार हों तो इसमें न तो विश्वविद्यालय कुछ कर सकता है और न ही कॉलेज।

पर क्या वह स्वीकार करेंगे कि भीड़ वाक़ई भीड़ जमा करने के लिए ही थी, असल में जिनसे रिक्तियां भरवाई गई हैं वो तो ज़ोर डलवाने वाले प्राणी थे। अब यह क्या नया लोकतंत्र है जहां जिसकी लाठी उसकी भैंस, मतलब जिसका जितना ज़ोर, जितनी ऊंची पहुंच, उतनी तय सफलता?

साहिर लुधियानवी ने कभी लिखा था कि वो सुबह कभी तो आएगी। जब एक अनोखी दुनिया की बुनियाद उठाई जाएगी। साक्षात्कार की इस झूठी प्रक्रिया को भी कभी-न-कभी बदलना पड़ेगा। वजह यह कि जब तथाकथित ऊपर वालों की सिफारिशों से शिक्षा के इन मंदिरों में स्थान बना लेने वाले होनहारों में जब योग्यता, शिक्षण की बुनियादी शर्तों का ज़रा भी अभाव पाया जाएगा तब बहुत संभव है कि इन साक्षात्कारकर्ताओं को दोषी पाया जाएगा। उन्हें इस बात के लिए ज़िम्मेदार ठहराया जाएगा जहां किसी छोटे-मोटे स्वार्थ के अधीन होकर उन्होंने एक निर्णायक होने की गंभीर और पवित्र ज़िम्मेदारी का पास नहीं रखा।

प्रेमचंद ने अपनी कहानी पंच परमेश्वर में कहा था कि पंच में परमेश्वर वास करते हैं, न्याय के सिवा उसे और कुछ नहीं सूझता। फिर इन महाविद्यालयों में जहां न केवल उस विभाग के अनुभवी शिक्षक साक्षात्कार लेने बैठते हैं, बल्कि विश्वविद्यालय के संबद्ध विभाग से भी बाह्य विशेषज्ञों को बुलाया जाता है, विभागाध्यक्षों को पूरी कारवाई का साक्षी बनाया जाता है, तब कैसे सबकी आंखें बंद हो जाती हैं? कैसे सब अपने किसी परिचित को या किसी सिफारिशी अभ्यर्थी को योग्य से योग्य, अनुभवी-से अनुभवी अभ्यर्थी पर तरजीह देने पर मजबूर हो जाते हैं, सैंकड़ों विद्यार्थियों को अपनी योग्यता सिद्ध करने देने के अवसर से महरूम कर देते हैं।

आख़िर इन साक्षात्कार लेने वालों की ऐसी भी क्या मजबूरियां हैं? क्या आपसी अहम का मुद्दा इन साक्षात्कारकर्ताओं के बीच भी आ जाता है, जिन पर दबाव होता है कि अपने सिफ़ारशी विद्यार्थी को किसी भी तरह कहीं रखवाएं, वरना इनके सहयोगी इस काम में सफल हो गए, तो इनकी तो साख कम हो जाएगी?

# गौरव पटेल के नेतृत्व में जनसंवेदना एवं परिवर्तन यात्रा का प्रारंभ 23 जून से

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह /पथरिया।** जनसंवेदना एवं परिवर्तन यात्रा का प्रारंभ 23 जून से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं कांग्रेस के नेता गजेंद्र सिंह गौरव पटेल के नेतृत्व में दिन शुक्रवार से प्रारंभ हो रही है, यह पद यात्रा पथरिया विधानसभा के बटियागढ़ ब्लॉक के महुआखेड़ा से प्रारंभ होकर 3 जुलाई को सीतानगर के मडकोले धाम में समाप्त होगी। इस दस दिवसीय 151 किलोमीटर की पैदल यात्रा में मित्रमंडल सहित अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी। इस यात्रा को लेकर राजनैतिक गलियारों में चर्चाएं जोरों पर है, 151 किलोमीटर की इस पैदल यात्रा में रात्रि विश्राम एवं भोजन व्यवस्था भी सम्मिलित रहेगी। 10 दिनों में यह जनसंवेदना एवं परिवर्तन यात्रा करीब 65 गांव के ग्रामीणों से संपर्क एवं उनकी समस्याओं का निराकरण तत्काल हल कराने का प्रयास भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी वह युवा बेरोजगारों एवं किसानों के लिए कई यात्राएं व आंदोलन कर चुके हैं,उन्होंने सोनार कोपरा नदी को नर्मदा से लिंक कराने के लिए भी एक बाइक रैली पथरिया से बरमान तक ले गए थे,जिस के संबंध में एक फाइल तैयार कर प्रदेश स्तर के अधिकारियों व मंत्रियों को सौंपकर इसकी मांग उठा चुके हैं फिलहाल इस जनसंवेदना एवं परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य निम्न बिंदुओं पर आधारित बताया जा रहा है जिनमें मुख्य बिंदु शामिल हैं।मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही बेरोजगार युवाओं का रजिस्ट्रेशन करायेंगे एवं मांग रखेंगे कि स्थानीय उद्योंगो में कम से कम 70



स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाये साथ ही प्रत्येक गाँव की प्रमुख सार्वजनिक समस्याओं का हल करने का प्रयास एवं नारी सम्मान योजना के फार्म भरवाना जिसके अंतर्गत कांग्रेस सरकार बनने पर प्रत्येक महिला को 1500 रूपये प्रति माह तथा गैस सिलेंडर केवल 500 रूपये में दिया जायेगा। साथ ही अनुसूचित जाति एवं जन जाति वर्ग के लिये पट्टे दिलवाने की मांग उठाना एवं उन्हे मुख्य धारा से जोड़ने हेतु विस्तृत रूप रेखा तैयार करना । जूड़ी नदी को पंचम नगर बांध से जोड़ने की मांग रखना एवं खिलाड़ियों के लिये खेल मैदान उपलब्ध करवाना प्रमुख मांग रहेगी इसके साथ ही नल-जल योजना से वंचित ग्रामों को सर्वे करके नवीन नल-जल योजना से जोड़ना एवं पुरानी खराब पड़ी नल-जल योजना के सुधार कार्य करवाना। पात्र हितग्राहियों को राशन पर्ची एवं पेंशन प्रकरण को सुनकर उन्हें मौके पर त्वरित हल करना।महिला स्व सहायता समूहों को स्वरोजगार के लिये प्रेरित कर संसाधान उपलब्ध करवाना। किसानों की प्रमुख समस्यायें जैसे खाद, बीज, बिजली, कपिलधारा कूप आदि समस्याओं का निराकरण करना। सीतानगर परियोजना से वंचित ग्रामों को जोड़ने की मांग उठाना। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा अपने वचन पत्र में सम्मिलित विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी आमजनता तक पहुँचाना। बटियागढ़ को नगर पंचायत बनाये जाने की मांग रखना। पथरिया विधानसभा के धार्मिक स्थलों का दौरा करके उनके विकास की रूपरेखा तैयार करना। पथरिया विधानसभा की खराब सड़को की नवीनी करण की मांग रखना शामिल है।

**इनका कहना है**

उक्त जनसंवेदना एवं परिवर्तन यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से पथरिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों की प्रमुख समस्या को क़रीब से जानने की मन में इच्छा थी इसलिए अगले 11 दिन पैदल यात्रा के माध्यम से लगभग 65 गाँव का दौरा करूँगा जिसमें लगभग 151 किलोमीटर की दूरी तय करूँगा एवं पथरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता के बीच रहकर उनके दुःख दर्द तथा प्रमुख समस्याएं जानने का प्रयास करूंगा और यथासंभव निराकरण का प्रयास भी करूँगा।

**गौरव पटेल प्रतिनिधि**
**जिला पंचायत अध्यक्ष**

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर व सांसद श्री शेजवलकर सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगणों ने विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग कर दिया उत्तम स्वास्थ्य व जीवन का संदेश

### 1000 से अधिक स्थानों पर लगभग ढाई लाख विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने किया योगाभ्यास

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। जिले में एक हजार से अधिक स्थानों पर लगभग ढाई लाख विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने किया योगाभ्यास विश्व योग दिवस पर ग्वालियर जिला भी योगमय नजर आया। ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग सहित शहर के विभिन्न संस्थानों एवं जिले के अन्य कस्बों व गाँवों में सामूहिक योग का आयोजन हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधिगण एवं ब?ी संख्या में विद्यार्थियों ने शामिल होकर सामूहिक रूप से योग एवं प्राणायाम किए। इस अवसर पर एलईडी स्क्रीन एवं आकाशवाणी के माध्यम से सभी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योग दिवस पर दिए गए उदबोधन को सुना। साथ ही जबलपुर में उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनख? एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में विश्व योग दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा और सुना। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार के अनुसार विश्व योग दिवस पर जिले के 1028 विद्यालयों व 339 स्थानों पर जिला प्रशासन, आयुष विभाग, हार्टफुलनेस, पतंजलि योग समिति, भारतीय योग संस्थान व ब्रम्हाकुमारी के सहयोग से सामूहिक योग के आयोजन हुए। जिले में लगभग 2 लाख 48 हजार विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने निरोग रहने के लिये कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योगाभ्यास किया।

**ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने रेशममिल में किया सामूहिक योग** -ऊर्जा मंत्री श्री



प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर रेशममिल के समीप आयोजित हुए सामूहिक योग में शामिल होकर योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिये सभी को योग और प्राणायाम करना चाहिए। सांसद श्री शेजवलकर ने वीआरजी कॉलेज में वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगणों के साथ किया योग मुरार स्थित विजयाराजे कन्या महाविद्यालय में विश्व योग दिवस पर सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र बरूआ, बीज एवं फॉर्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अभय चौधरी एवं सर्वश्री मधुसूदन भदौरिया, अशोक जादौन व जवाहर प्रजापति जिला योग प्रभारी श्री दिनेश चाकणकर सहित सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों, विद्यार्थियों एवं अधिकारियों ने सामूहिक योग किया। संभागीय आयुक्त श्री सिंह एलएनआईपीई में सामूहिक योग में शामिल हुए संभाग आयुक्त श्री दीपक सिंह ने एलएनआईपीई के योगा भवन में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के साथ योग किया। इस अवसर पर ब?ी संख्या में शहर के नागरिकों ने भी योग किया। ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग पर कलेक्टर, एसएसपी एवं निगम आयुक्त ने किया योग ग्वालियर दुर्ग पर ऐतिहासिक अस्सी खम्बे की बाव?ी प्रांगण में कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश चंदेल, नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह, अपर आयुक्त श्री विजय राज सहित अन्य अधिकारियों एवं शहर के नागरिकों ने योग किया। विश्व योग दिवस के आयोजनों में संचालक लोक शिक्षण दीपक पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार, जिला योग प्रभारी श्री दिनेश चाकणकर एवं डीपीसी श्री रविन्द्र सिंह तोमर जिला क्रीड़ा अधिकारी आरके सिंह सहित स्कूल शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी- कर्मचारियों की विशेष भूमिका रही। पीटीएस तिघरा में भी सामूहिक योगाभ्यास किया गया।



## योग विज्ञान आधारित आध्यात्मिक अनुशासन से जीवन बनता है आनंदमय व शांतिप्रद

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

गोहद- भिंड। योग विज्ञान आधारित आध्यात्मिक अनुशासन है आर एस चौहान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहद में अंतर्राष्टीय योग दिवस समारोह पूर्वक संपन्न आज अंतरराष्टीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में योग दिवस समारोह का आयोजन संपन्न किया गया इस अवसर पर छात्र छात्राओं के साथ नगर के गणमान्य जन उपस्थित हुए सर्वप्रथम ब्रह्मानंद के साथ योग महोत्सव का प्रारंभ किया गया तत्पश्चात आचार्य बृजमोहन शर्मा एवं खेल प्रशिक्षक अनिल सिंह सेंगर के द्वारा योग प्राणायाम की विभिन्न गतिविधियों को संपन्न कराया गया इस अवसर विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र सिंह चौहान ने विद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कहा की योग विज्ञान आधारित आध्यात्मिक अनुशासन है जिसके माध्यम से हम स्वयं शासन के मार्ग पर चलते हैं विद्यालय के उप प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह भदोरिया ने कहा हमें योग की गतिविधियों को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाकर जीवन स्फूर्ति प्रदान करना चाहिए एवं स्वावलंबी बनाना चाहिए आचार्य बृज मोहन शर्मा द्वारा योग और निरोग में समन्वय पर विशेष प्रकाश प्रदान किया कार्यक्रम में प्रशिक्षक अनिल सिंह द्वारा विभिन्न आसनों को संपन्न कराया इस अवसर पर समाजसेवी आर एस गौर राजेंद्र गुप्ता विद्यालय परिवार के विभिन्न सदस्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम के समापन के अवसर पर छात्र छात्राओं को स्वल्पाहार प्रदान किया गया।

## मालनपुर नगर कोई भीषण बारिश से हुआ जलमग्न

### लेकिन अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सी एम ओ एक्टिव मुड़ में

**पुष्पांजली टूडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**



विपरजॉय का असर मालनपुर कस्बे में भी दिखा चौथे दिन गुरुवार को हुई भीषण बारिश में मालनपुर नगर के कई वार्डो के निचले हिस्से के घरों दुकानों में भरा पानी बता दें कि नगर में 3:30 से 5 बजे तक हुए भारी बारिश के कारण मालनपुर सब्जी मंडी की दुकानों में एवं मेन चौराहा 719 पर दुकानों में लगातार हो रही बारिश से पानी भर गया जिससे दुकानदारों में खलबली मची हुई है कि बारिश में मालनपुर नगर की दुकानों मकानों गलियों में चारों हर तरफ पानी ही पानी नजर आ जहां लोग अपनी दुकान लगा करते थे नगर निवासी रोड पर भरे हुए पानी में निकलने पर मजबूर हो रहे हैं बता दे कि नगर पालिका को बने हुए हो लगा भाग डेढ़ ओ हो चुकी है लेकिन पानी निकासी की समस्या जस की तस बनी हुई है बारिश का पता चलते ही नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश सिंह किरार एवं मनोज कुमार शर्मा एसआई राघवेंद्र शर्मा एवं समस्त स्टाफ तुरंत ने निचले हिस्सों का परीक्षण किया निरीक्षण कर लोगों के घरों दुकान में पानी ना भरे इसलिए इंतजाम की जाए और कस्बे वासियों को भरोसा दिलाया और तुरंत 719 हाईवे के किनारे बनी नाले में जेसीबी लगा दी गई है जिससे दुकानदार भाइयों को आ रही परेशानी से निजात मिले वार्ड नंबर 3 स्थानीय निवासी प्रज्ञा चौहान ने बताया कि हमारे दरवाजे के आगे रोड पर भरे पानी के कारण हम घर से नहीं निकल पा रहे हैं सी एम ओ मालनपुर मनोज कुमार शर्मा ने कहा है कि हम निरंतर कार्य कर रहे हैं नगर के निचले हिस्से में कुछ जगह पानी भर गया था नगरपालिका द्वारा तुरंत जेसीबी लगाई गई है पानी निकला जा रहा है और नाले के ऊपर बने अधिकारियों को नोटिस जारी कर दिए गए है कल पुलिस फोर्स को ले जाकर अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रानी दुर्गावती की वीरता एवं बलिदान से जुड़ी गौरव यात्रा को हरी झंडी दिखाकर बालाघाट से किया रवाना

### ग्रीष्मकालीन धान भी समर्थन मूल्या पर खरीदी जायेगीः मुख्यमंत्री श्री चौहान

**पुष्पांजली टुडे न्यूज बालाघाट**

गोंडवाना सामाज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती की वीरता एवं बलिदान गाथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मुख्यणमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 22 जून को बालाघाट से गौरव यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शहडोल के लिए रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्हों ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ गरीब व्यक्ति के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है । सरकार सभी वर्गो के लिए अनेक कल्याणकारी योजनायें चलाकर उनके जीवन को संवारने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में नये गौरवशाली एवं समृद्ध भारत का उदय हो रहा है। आज भारत की शक्ति का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। अंतर्राष्टीतय योग दिवस 21 जून को पूरे विश्व में मनाया गया है। मुख्यधमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यूक्रेन संकट के समय वहां पर फंसे भारतीय छात्र-छात्राओं को सकुशल लाया गया है। कोविड काल में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पूरे देश में कोरोना बीमारी की रोकथाम के लिए निन्शुल्क टीके लगवाये और अन्य देशों को भी टीके भेजकर लोगों के जीवन को सुरक्षित किया है। देश की जनता की मूलभूत आवश्यलकता जैसे स्वास्थ्य , शिक्षा, बिजली, पानी, रोजगार को पूरा करने के लिए विकास की अनेकों सौगातें दी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रदेश में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। सिंचाई सुविधाओं में विस्तार होने से फसलें लहलहा रही हैं। कार्यक्रम में उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार अगले साल से ग्रीष्म कालीन धान को भी समर्थन मूल?य पर खरीदने का काम करेगी। प्रदेश एवं केन्द्र सरकार किसान की फसल के एक-एक दाने का उचित मूल्य दे रही है। इस परिप्रेक्ष्य? में मुख्यनमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मासन निधि के अंतर्गत प्रति वर्ष 06 हजार रुपये प्रदान किये जा रहे हैं। प्रदेश सरकार



द्वारा भी 04 हजार रुपये प्रदान किये जा रहे थे, जिसे बढ़ाकर 06 हजार रुपये कर दिया गया है। मुख्य मंत्री श्री चौहान ने कहा कि बालाघाट जिले में मेडिकल कालेज खोलने की घोषणा पूर्व में हो चुकी है, अब आगामी सितम्बमर माह में इसका भूमिपूजन किया जायेगा। उन्हों ने बताया कि जिले की 03 लाख 43 हजार बहनों के खाते में एक हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। वर्तमान में लाड़ली बहनों को दी जा रही 01 हजार रुपये की राशि को धीरे-धीरे बढ़ाकर 03 हजार रुपये कर दिया जायेगा। मुख्य मंत्री श्री चौहान ने कहा कि 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शासकीय स्कूपल में प्रथम आने वाली छात्र-छात्राओं को स्कूटी दी जायेगी। युवाओं को आत्मननिर्भर बनाने के लिए मुख्य मंत्री सीखो-कमाओ योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में युवाओं को काम सीखने पर 08 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा । प्रदेश में सरकारी पदों पर 01 लाख भर्ती की जा रही है। इसके पश्चीत 50 हजार अतिरिक्त? पदों पर भर्ती की जायेगी। मुख्यकमंत्री श्री चौहान ने बताया कि गोंड साम्राज्यी की वीरांगना रानी दुर्गावती की वीरता एवं बलिदान गाथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आज बालाघाट से गौरव यात्रा का शुभारंभ किया गया है। यह यात्रा बालाघाट जिले से प्रारंभ होगी और 27 जून को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में शहडोल में गौरव यात्रा का समापन होगा। केन्द्रीय मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते बालाघाट से शहडोल यात्रा के प्रभारी होंगे और उनके नेतृत्व में यह यात्रा बालाघाट से शहडोल पहुंचेगी। उन्होंने इस यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिलेवासियों को निमंत्रण दिया। सांसद श्री बी डी शर्मा ने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए केन्द्र सरकार के नौ वर्ष के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्या्ण का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों को अब पक्के् आवास बनाकर दे रही है साथ ही डायरेक्टस बेनीफिट ट्रांसफर के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद व्यहक्ति के जन-धन खातों में सीधे पैसे भेजे जा रहे हैं।

**यह रहेगा गौरव यात्रा का मार्ग 22 जून को गौरव यात्रा-** बालाघाट से बैहर के लिए रवाना हो गई है। बैहर यात्रा के दौरान रास्तो में पड़ने वाले प्रमुख ग्राम भरवेली, रूपझर, उकवा में गौरव यात्रा का पारंपरिक लोकनृत्य के साथ स्वाागत किया जायेगा और आम जन को वीरांगना रानी दुर्गावती की वीरता के बारे में बताया जायेगा। गौरव यात्रा का बैहर पहुंचने पर भव्यव स्वागित किया जायेगा और रात्रि में रानी दुर्गावती की वीर गाथाओं पर आधारित सांस?कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगें। बैहर में रात्रि विश्राम करने के बाद गौरव यात्रा 23 जून को प्रात- 09 बजे गढ़ी के लिए प्रस्थासन करेगी। गढ़ी में भी गौरव यात्रा का भव्यग स्वाागत किया जायेगा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रानी दुर्गावती की वीरगाथाओं का वर्णन किया जायेगा। गढ़ी से गौरव यात्रा पांडूतला होते हुए मंडला जिले के बिछिया के लिए प्रस्थानन करेगी और 27 जून को शहडोल पहुंचेगी। रानी दुर्गावती की बलिदान गाथा को जन-जन तक पहुंचाने



प्रदेश के 5 स्थानों बालाघाट, छिन्दवाड़ा, सिगरामपुर (जबेरा-दमोह) कालिंजर फोर्ट उ.प्र. जन्म स्थल और धौहनी सीधी से 5 गौरव यात्रायें 22 जून को प्रारंभ होगी। यह यात्रायें रानी दुर्गावती के जीवन से जु? सभी प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगी और इनका समापन 27 जून 2023 को शहडोल में होगा। बलिदान दिवस के निमित कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी होंगे। यह मध्यप्रदेश के लिए गौरव का अवसर है जिसमें मध्यप्रदेश की गौरव रानी दुर्गावती जी के बलिदान का स्मरण कराने प्रधानमंत्री जी स्वयं 27 जून को शहडोल आ रहे हैं। गौरव यात्रा के शुभारंभ अवसर पर केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यर मंत्री श्री फग्ग न सिंह कुलस्तेव, मध्य प्रदेश के गृह मंत्री श्री नरोत्तभम मिश्रा, बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री हर?दीप सिंह डंग, आयुष एवं जल संसाधन राज्य मंत्री श्री रामकिशोर नानो कावरे, महाराष्ट्रभ की पूर्व मंत्री श्रीमती पंकजा मुंडे, सांसद श्रीमती कविता पाटीदार, सांसद श्री बीडी शर्मा, डा. ढालसिंह बिसेन, मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याीण आयोग के अध्यमक्ष श्री गौरीशंकर बिसेन, विधायक श्री दिनेश मुनमुन राय, पूर्व विधायक श्री भगत सिंह नेताम, डॉ योगेन्द्ं निर्मल, श्री रमेश भटेरे, जिला पंचायत की पूर्व अध्य क्ष श्रीमती रेखा बिसेन, श्री सत्यश नारायण अग्रवाल एवं अन्य विशिष्टड जनप्रतिनिधि, गणमान्यश नागरिक एवं बड़ी तादाद में जनसमुदाय उपस्थित था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जरवलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मौसम हरिनखेड़े ने किया।

## आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांग जनों को उनके घर जाकर टी शर्ट दी




**पुष्पांजलि टुडे खरगोन से मुन्ना खान की खबर**

ग्राम पंचायत डोंगरचिचली बेजापुरा जामुनझिरी बड़ा और बरुड़ मे दिव्यांग जनों को टी शर्ट पहनाते हुए मानवाधिकार सुरक्षा संघ जिला खरगोन की टीम। इससे पहले संगठन ने दस जून 2023 को जिला स्तरीय दिव्यांग सहायता समारोह खरगोन मे जैतापुर स्तिथ रेवन्यास सभागृह में आयोजित कार्यक्रम किया था जिसमे दिव्यांग भाई बहनो का सम्मान भी किया गया था साथ में शक्त निशक्त जनो सभी के लिए भोजन की भी व्यवस्था रखी गई थी। जो दिव्यांग भाई बहन उस कार्यक्रम में शामिल नही हो पाए थे येसे आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांग जनों को उनके घर पर जाकर टी शर्ट वितरित की जा रही है। प्रदेशाध्यक्ष सतीश गांगले, जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले के मार्गदर्शन में तहसील अध्यक्ष सुनील दवाने, उपाध्यक्ष रूपेश प्रजापत, संजू बामनिया, नीरज मेहता, गौतम गांगले, मंगल चौहान,आदि संगठन के पदाधिकारियों ने उनके ग्राम में जाकर सहायता की।

## सार समाचार

### अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम का शिविर सात जुलाई से

**इंदौर, भाषा।** भारत की 33 सदस्यीय फुटबॉल टीम इस साल सितंबर में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के लिए यहां सात जुलाई से तैयारी शिविर में हिस्सा लेगी। प्रिया पीवी के मार्गदर्शन में खेलने वाली भारतीय टीम अप्रैल में किर्गिस्तान में हुए पहले दौर के क्वालीफायर में ग्रुप एफ में शीर्ष पर रही थी।

टीम ने मेजबान किर्गिस्तान को 1-0 और म्यांमार को 2-1 से हराकर दूसरे दौर के लिए क्वालीफाई किया। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने दूसरे दौर के टूर्नामेंट के लिए भारत को ग्रुप ए में दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और ईरान के साथ रखा है। इस टूर्नामेंट के आयोजन स्थल की घोषणा अभी नहीं हुई है। शीर्ष दो टीम अप्रैल 2024 में इंडोनेशिया में होने वाले फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

टीम इस प्रकार है: अनीशा उरांव, खुशी कुमारी, खांबी चानू सारंगथेम, लिंथोइंगांबी चानू थोंगराम, श्रेया शर्मा, खुशी, हीना खातून, विक्षित बारा, थोईबिसाना चानू तोइजाम, अखिला राजन, थोई थोई देवी येंद्रेमबम, आर्या अनिलकुमार, सोनिबिया देवी इरोम, ललिता बोयपाई, मेनका देवी लोरेम्बम, जूही सिंह, बबीता कुमारी, श्वेता रानी, शिलजी शाजी, शिवानी टोप्पो, शिबानी देवी नोंगमेइकापम, सिंडी रेमरुतपुई, कॉलनी, रेमी थोकचोम, पूजा, काजल कुमारी, सुलंजना राउल, निशिमा कुमारी, शाउलीना डांग, सरजीदा खातून, मोनिशा सिंह, प्रिया छेत्री, अनीता डुंगडुंग और खुशबू काशीराम सरोज।

### टी विशाल ने स्पेशल ओलंपिक में जीता भारत का पहला पदक

**बर्लिन,वार्ता।** पुडुचेरी के टी विशाल ने 2023 स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों में पावरलिफ्टिंग में रजत जीतकर पदक तालिका में भारत का खाता खोल दिया है। इस 16 वर्षीय भारोत्तोलक ने सोमवार को पुरुषों की स्क्वाट प्रतियोगिता (122.50 किग्रा), डेडलिफ्ट प्रतियोगिता (155 किग्रा), बेंच प्रेस (85 किग्रा) और संयुक्त प्रतियोगिता में रजत जीतकर प्रतियोगिता में भारत को पहला पदक दिलाया।

अपने माता-पिता द्वारा खेलकूद में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित किये जाने पर विशाल ने पैरालिंपिक खेलों को देखकर एथलीट बनने का फैसला किया था। उन्होंने तुरंत अपने माता-पिता से एक कोच खोजने के लिये कहा जो उन्हें तकनीक और खेल की अनिवार्यता सिखा सके। विशाल के पिता को जब स्पेशल ओलंपिक भारत के बारे में पता चला तो उन्होंने कोच और स्पेशल ओलंपिक भारत की स्थानीय निदेशक से बात करके उन्हें संस्था में भर्ती करवाना चाहा। विशाल की मां हालांकि यह स्वीकार करने के लिये तैयार नहीं थीं कि उनका बेटा एक विशेष एथलीट है।

# भारतीय भागीदारी पर संकट, घर के भेदी चाक चौबंद!

■ राजेंद्र सजवान



खेल मंत्रालय और आईओए चाहे जितना भी जोर लगा लें और कितने भी ट्रायल करा लें, एशियाई खेलों में भारतीय कराटे टीम भाग नहीं ले पाएगी, कराटे की वैश्विक संस्था से जुड़े कुछ लोग ऐसा दावा कर रहे हैं। फिलहाल भारतीय खेल प्रधिकरण की देख रेख में आयोजित चयन ट्रायल के नतीजों पर खेल से जुड़े खिलाडियों, कोचों, अधिकारियों और देश में कराटे की दुकाने चलाने वालों की नजरें गड़ी हैं।

हालाँकि साई की देखरेख में आयोजित चयन परीक्षा में तमाम इकाइयों, गुटों, सरकारी और गैरसरकारी क्लबों और संस्थानों को भाग लेने का मौका दिया गया। उन शातिरों के खिलाडी भी शामिल हुए जोकि बाहर बैठकर खेल मंत्रालय के प्रयोग को विफल करने की साजिश रच रहे हैं। उनके तार वर्ल्ड बॉडी से बराबर जुड़े रहे और पल पल की खबर उन तक पहुंचाई जाती रही।

सवाल यह पैदा होता है कि कोई भी एशियाड या ओलम्पिक जैसे आयोजनों में क्यों भाग नहीं लेना चाहेगा? हर खिलाडी और अधिकारी का सपना यह होता है कि उसे और उसके खेल को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिले। लेकिन इस देश का दुर्भाग्य है कि मार्शल आर्ट्स खेलों की दुकाने चलाने वालों को यह सब गंवारा नहीं। वे नहीं चाहते कि भारत का खिलाडी विश्व स्तर पर भाग ले, पदक जीते और नाम कमाए। ऐसा हुआ तो कुछ एक की लूट की दुकान बंद हो सकती है और उनका यही डर कराटे को उबरने नहीं दे रहा। अफ़सोस इस बात का है कि खेल मंत्रालय और तमाम जिम्मेदार इकाइयों ने कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया और कराटे सहित तमाम खेलों में मनमर्जी का खेल खेला जाता रहा है।

एक अनुमान के अनुसार पचास लाख से अधिक खिलाडी अब तक बर्बाद हो चुके हैं। वे न तो पहचान बना सके और न ही उन्हें कहीं रोजगार मिल पाया। हैरानी वाली बात यह है कि अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में खिलाडियों को भागीदारी का मौका नहीं मिल पाता लेकिन 15-20 साल का खिलाडी कोच और रेफरी बन जाता है, इसलिए क्योंकि खेल के नाम पर जंगल राज चल रहा है।

फिलहाल भारतीय टीम का चयन और एशियाई खेलों में भागीदारी प्रमुख है, जिसके लिए मंत्रालय और तमाम गुट एक हो गए हैं लेकिन उन लोगों से निपटना आसान नहीं होगा जोकि सालों से खेल को अपनी उंगली पर नचाते आ रहे हैं। सूत्रों की मानें तो ओलिंपिक काऊंसिल ऑफ़ एशिया, एशियन गेम्स कमेटी, भारतीय ओलंपिक कमेटी, विश्व कराटे फेडरेशन में रस्सा लस्सी चल रही है और देश और खेल के गद्दारों का एक बड़ा वर्ग भारतीय भागीदारी को रोकने पर आमादा है। इतना तय है कि भारत भाग नहीं ले पाया तो खेल मंत्रालय और आईओए की फजीहत पक्की है।

## दलीप ट्राफी: मध्य क्षेत्र की भिड़ंत पूर्वी क्षेत्र से

**नई दिल्ली** ■ भाषा/डेस्क

बेंगलुरु में 28 जून से शुरु हो रही दलीप ट्राफी के पहले दिन मध्य क्षेत्र का सामना पूर्वी क्षेत्र से होगा जबकि उत्तरी क्षेत्र का सामना पूर्वोत्तर क्षेत्र की टीम से होगा। मध्य क्षेत्र और पूर्वी क्षेत्र के बीच मैच अलूर क्रिकेट स्टेडियम में खेला जायेगा जबकि उत्तरी क्षेत्र और पूर्वोत्तर क्षेत्र की भिड़ंत एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगी।

पूर्वोत्तर क्षेत्र घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट की नयी और छठी टीम है। ये दोनों मैच क्वार्टरफाइनल की तरह होंगे। पिछले सत्र की विजेता पश्चिम क्षेत्र और उप विजेता दक्षिण क्षेत्र की टीमों को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश दिया गया है। फाइनल 12 जुलाई को



चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जायेगा।

टीमें इस प्रकार हैं: पश्चिम क्षेत्र: प्रियांक पंचाल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रूतुराज गायकवाड़, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), पृथ्वी साव, हेत पटेल (विकेटकीपर), सरफराज खान, अर्पित वासवड़ा, अतीत सेठ, शम्स मुलानी, युवराज डोडिया, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, चेतन सकारिया, चिंतन गजा, अर्जन नागवासवाला।

# आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारत खिताब का सबसे प्रबल दावेदार

### भारत का सामना आज श्री कांतीरावा स्टेडियम पर पहले मैच में पाकिस्तान से होगा।

**बेंगलुरू** ■ भाषा/डेस्क

इंटरकांटिनेंटल कप में मिली जीत से उत्साहित भारतीय फुटबॉल टीम सैफ चैम्पियनशिप 2023 में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। भारत का सामना बुधवार को श्री कांतीरावा स्टेडियम पर पहले मैच में पाकिस्तान से होगा। यह मैच निर्धारित समय पर होने की उम्मीद है क्योंकि पाकिस्तानी खिलाड़ियों को भारत का वीजा मिल गया है।

पाकिस्तानी टीम भारत के लिये बड़ी चुनौती नहीं है लेकिन भारत का लक्ष्य बड़ी जीत के साथ आगाज करके दूसरी टीमों के लिये खतरे की घंटी बजाना है।

आठ बार के चैम्पियन भारत को ग्रुप ए में नेपाल, कुवैत और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। बाकी टीमों में लेबनान, मालदीव, भूटान और बांग्लादेश ग्रुप बी में हैं। भारत ने रविवार को भुवनेश्वर में लेबनान को 2-0 से हराकर इंटर कांटिनेंटल कप जीता था। यह 46 साल में लेबनान पर भारत की पहली जीत थी और भारत के लिये करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री ने गोल दागा।



उनसे सैफ चैम्पियनशिप में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। छेत्री 137 मैचों में 87 गोल कर चुके हैं और दो गोल और करने पर वह मलेशिया के मुख्तार दहारी को पछाड़कर सर्वाधिक गोल करने वाले दूसरे एशियाई फुटबॉलर बन जायेंगे। भारत इस टूर्नामेंट में पिछला चैम्पियन है जिसने 1993, 1997, 1999, 2005, 2009, 2011, 2015 और 2021 में खिताब जीते। मालदीव ने 2008 और 2018 और बांग्लादेश ने 2003 में खिताब जीता था।

**स्टिमक ने कहा, फीफा रैंकिंग को भूल जाओ:** भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को अपनी टीम को चेताया कि वह सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप 2023 के ग्रुप ए में अन्य टीमों की खराब फीफा रैंकिंग को अधिक तवज्जो नहीं दे और अपने जज्बे में कोई कमी नहीं लाए।

भारत को टूर्नामेंट के ग्रुप ए में पाकिस्तान, नेपाल और कुवैत के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को यहां श्री कांतीर्वा स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। स्टिमक ने मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, फीफा रैंकिंग के बारे में भूल जाओ।

हमारे ग्रुप में और टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीमें काफी विशेष हैं। सभी चार टीम सक्षम हैं और अलग तरह का फुटबॉल खेल सकती हैं। दर्शक इसे पसंद करेंगे क्योंकि काफी गोल होंगे। हमारा ग्रुप कड़ा है और हमें कुछ कड़े प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलना है। स्टिमक ने हालांकि इस तथ्य से इनकार नहीं किया कि रविवार को यहां लेबनान को फाइनल में 2-0 से हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है।

उन्होंने कहा, इंटरकॉन्टिनेंटल कप में जीत के बाद टीम में मूड काफी अच्छा है। हम खुश हो सकते हैं। कोचिंग स्टाफ के रूप में हम टीम को सिर्फ यह दिखा सकते हैं कि मैच कैसे जीते जाते हैं और एक बार मैदान पर उतरने के बाद यह पूरी तरह से खिलाड़ी पर निर्भर करता है कि इसे कैसे करना है। इंटरकॉन्टिनेंटल कप में जीत के बावजूद स्टिमक ने कहा कि भारत पाकिस्तान को हल्के में नहीं ले सकता क्योंकि वे खतरनाक प्रतिद्वंद्वी हो सकते हैं।

## रियल मैड्रिड ने स्पेन के जोसेलु के साथ किया करार

**मैड्रिड** ■ आईएएनएस/डेस्क

रियल मैड्रिड ने स्पेन के स्ट्राइकर जोस लुइस माटो 'जोसेलु' के साथ करार की घोषणा की है। रियल मैड्रिड की वेबसाइट पर कहा गया है, रियल मैड्रिड और एस्पेनयोल ने जोसेलु के लिए एक समझौता किया है।

वह आगामी सत्र के लिए हमारे क्लब के लिए खेलेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में स्पेन



के लिए पदार्पण करने वाले 33 वर्षीय जोसेलू क्लब में वापसी कर रहे हैं, जहां वह 2009-2012 तक बी-टीम के लिए 67 बार खेले। इसके बाद जर्मनी में हॉफेनहाइम, इंट्राचेट फ्रैंकफर्ट और हनोवर 96 जैसे क्लबों के लिए खेले।

उसके बाद उनका करियर उन्हें स्पेन लौटने से पहले इंग्लैंड में स्टोक सिटी और न्यूकेसल यूनाइटेड ले गया। अपने कार्यकाल के दौरान उन दोनों क्लबों के लिए जोसेलू ने गोल करने के अपने कौशल को साबित किया। अलावेस के साथ तीन सीजन में 36 गोल किए और पिछले सीजन में एस्पेनयोल के लिए 33 मैचों में 17 गोल किए।

रियल मैड्रिड जोसेलु को एक स्ट्राइकर के रूप में मानता है, जो कम पैसे में पेनल्टी क्षेत्र में काफी कुशल है। उनसे मार्को असेंसियो, मारियानो डियाज और करीम बेंजेमा द्वारा छोड़े गए शून्य को भरने में मदद करने की उम्मीद है।

बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग

## करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे सात्विक-चिराग

**कुआलालंपुर** ■ वार्ता/डेस्क

हाल ही में इंडोनेशिया ओपन 2023 के रूप में अपने करियर का पहला सुपर 1000 इवेंट जीतने वाली सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गयी। यह सात्विक-चिराग के करियर की सर्वश्रेष्ठ बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन जोड़ी ने मलेशिया के मौजूदा विश्व चैंपियन आरोन चिया और सोह वूई यिक को सीधे



गेमों में हराकर इंडोनेशिया ओपन जीता था।

सुपर 1000 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी के लिये यह साल शानदार रहा है और वह अब तक स्विस ओपन 2023 एवं बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पुरुष युगल खिताब भी जीत चुकी है। इसी बीच, भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत तीन स्थान चढ़कर विश्व रैंकिंग में नंबर 19 पर पहुंच गये हैं, जबकि दो पायदान की छलांग के साथ लक्ष्य सेन 18वें स्थान पर हैं।

इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल में डेनमार्क के विक्टर एक्सलसन से हारने वाले एचएस प्रणय (विश्व नंबर नौ) पुरुष एकल की रैंकिंग के शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय हैं। युवा प्रतिभा प्रियांशु राजावत अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 30वीं रैंक पर आ गये हैं।

दो बार की ओलंपिक चैंपियन पी.वी. सिंधु ने महिला एकल में दो पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गयीं, जबकि अनुभवी शटलर साइना नेहवाल एक पायदान ऊपर चढ़कर विश्व में 31वें स्थान पर पहुंच गयी हैं।

महिला युगल में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद 16वें स्थान पर बनी हुई हैं। दो पायदान नीचे खिसकने के बाद अश्विनी भट और शिखा गौतम की भारतीय महिला युगल जोड़ी 41वें स्थान पर है। भारतीय मिश्रित जोड़ी रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी दो स्थान की छलांग लगाकर विश्व में 33वें स्थान पर पहुंच गये हैं।

## 43 वर्ष की वीनस विलियम्स ने जीत दर्ज की

**बर्मिंघम,एपी।** सात बार की ग्रैंडस्लेम चैम्पियन वीनस विलियम्स ने 43 वर्ष की उम्र में विश्व रैंकिंग में 697वें स्थान पर रहने के बावजूद अपने पसंदीदा ग्रासकोर्ट पर बर्मिंघम क्लासिक में अप्रत्याशित जीत दर्ज की। वीनस ने 48वीं रैंकिंग वाली कैमिली जियोर्जी को पहले दौर में तीन घंटे से अधिक समय तक चले मैच में 7-6, 4-6, 7-6 से हराया। इस साल के पहले सप्ताह में आकलैंड में हैमस्ट्रिंग में लगी चोट के कारण वीनस छह महीने तक टेनिस से दूर थी।

## स्टुअर्ट ब्रॉड संन्यास लेने तक अपना सब कुछ झोंक देंगे: हुसैन

**लंदन** ■ आईएएनएस/डेस्क

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एशेज 2023 टेस्ट के चौथे दिन अपने शानदार गेंदबाजी स्पेल के बाद तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड की प्रतिबद्धता की जमकर तारीफ की। नासिर ने उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित किया, जो जब तक संन्यास नहीं लेते, तब तक वह अपना सब कुछ दे देंगे।

ब्रॉड ने चौथे दिन के खेल के अंतिम सत्र में मार्नस लाबुशेन (13) और स्टीवन स्मिथ (6) को आउट करके चल रहे एजबेस्टन टेस्ट में



मेजबान टीम का पलड़ा भारी कर दिया। जब ब्रॉड ने लाबुशेन और स्मिथ को आउट किया तब ऑस्ट्रेलिया 78 रन पर 1 विकेट की सुखद स्थिति में था। चौथे दिन के खेल के अंत में मेहमान टीम ने 3 विकेट पर 107 रन बना लिए थे, उसे 5वें दिन जीत के लिए 174 रनों की जरूरत है, जबकि सात विकेट हाथ में हैं।

## समाचार-आसपास

### मार्तिना नवरातिलोवा ने कहा अब कैंसर से मुक्त हुई

**न्यूयॉर्क,एपी।** महान टेनिस खिलाड़ी मार्तिना नवरातिलोवा ने कहा है कि अब वह कैंसर से मुक्त हो गई है। टेनिस की हाल आफ फेम रही नवरातिलोवा ने सोमवार को ट्विटर पर लिखा कि मेमोरियल स्लोएन केटरिंग कैंसर सेंटर पर पूरे दिन जांच के बाद उन्हें यह पता चला है। उन्होंने लिखा, सभी डॉक्टरों, नर्सों और स्टाफ को धन्यवाद। क्या राहत की बात है। अठारह बार की ग्रैंडस्लेम चैम्पियन 66 वर्ष की नवरातिलोवा ने जनवरी में कहा था कि उन्हें गले और स्तन का कैंसर है और वह इलाज शुरू करायेंगी। उन्हें 2010 में भी 'नॉन इनवेसिव' स्तन कैंसर का पता चला था और उन्होंने तब सर्जरी कराई थी।

### सिटसिपास, मेदवेदेव और शापोवालोव जीते

**हाले,एपी।** स्टेफानोस सिटसिपास, दानिल मेदवेदेव और डेनिस शापोवालोव ने हाले ओपन टेनिस के पहले दौर में जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास ने दो घंटे 22 मिनट तक चले मैच में फ्रांस के ग्रेगोइर बारेरे को 6-7, 6-4, 7-6 से हराया। पिछले साल फाइनल में हारे शीर्ष वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने अमेरिकी क्वालीफायर मार्कोस गिरोन को 6-4, 6-3 से मात दी। वहीं शापोवालोव ने दक्षिण अफ्रीका के लॉयड हैरिस को 7-6, 6-4 से हराया। निक किर्गीयोस ने घुटने की चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था।

### नजम सेठी पीसीबी के अगले अध्यक्ष की दौड़ से हटे

**लाहौर, भाषा।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अंतरिम प्रमुख नजम सेठी ने पीसीबी अध्यक्ष पद की दौड़ से हटते हुए मंगलवार को कहा कि वह बोर्ड में स्थायी पद नहीं चाहते। सेठी ने कहा कि वह देश के आला राजनेताओं (पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष आसिफ जरदारी और प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ) के बीच मतभेद का कारण नहीं बनना चाहते।

इसके साथ ही पीसीबी के अगले अध्यक्ष पद के लिये जाका अशरफ का रास्ता साफ हो गया। सेठी ने देर रात ट्वीट किया, सभी को सलाम। मैं आसिफ जरदारी और शाहबाज शरीफ के बीच लड़ाई का कारण नहीं बनना चाहता। पीसीबी के लिये इतनी अनिश्चितता और अस्थिरता अच्छी नहीं है। इन हालात में मैं पीसीबी के अगले अध्यक्ष पद का दावेदार नहीं हूं। सभी को शुभकामनायें। हाल ही में पाकिस्तान में सत्तारूढ गठजोड़ सरकार में टकराव की नौबत आ गई जब पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी दोनों ने अपने नुमाइंदे को पीसीबी अध्यक्ष पद की दावेदारी में उतारने की बात कही।

### नॉरी क्वींस क्लब के पहले दौर में जीते

**लंदन,एपी।** पूर्व उपविजेता केमरन नॉरी ने क्वींस क्लब टेनिस चैम्पियनशिप के पहले दौर में सर्बिया के मियोमिर केसमानोविच को 6-4, 7-6 से हराया। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी नॉरी विम्बलडन 2021 फाइनल में मातेओ बेरेतिनी से हार गए थे। विम्बलडन की तैयारी के इस टूर्नामेंट में वह युगल में भी एंडी मर्रे के साथ उतरेंगे।

ब्रिटेन के डेन इवांस को पहले दौर में अमेरिका के सेबेस्टियन कोरडा ने 6-4, 7-5 से हराया लेकिन रियान पेनिस्टन ने उगो हुम्बर्ट को 6-4, 6-2 से मात दी। छठी वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी ने ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी जान चोइंस्की को 6-4, 6-2 से हराया।

# मैं एक न्यूकमर को लॉन्च कर रही हूं : कंगना



एक्ट्रेस -फिल्ममेकर कंगना रनौत ने अपने प्रोडक्शन की आने वाली फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' में अवनीत कौर जैसे नए चेहरे को लेने के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह वास्तव में प्रतिभा और बाहरी लोगों को फिल्म इंडस्ट्री में लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। जब कंगना रनौत से अवनीत कौर जैसी आउटसाइडर और न्यूकमर को लॉन्च करने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, हां, मैं एक न्यूकमर को लॉन्च कर रही हूं, मैं एक प्रोड्यूसर के रूप में पैसों पर फोकस नहीं कर रही हूं, मैं वास्तव में टैलेंट और आउटसाइडर को फिल्म इंडस्ट्री में लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं।

कंगना ने कहा, हां, मैं अवनीत कौर के साथ फिर से काम करना चाहती हूं, लेकिन मैंने कोई फिल्म कॉन्ट्रैक्ट नहीं किया है, जो कि किसी भी न्यूकमर के साथ आम बात है।

कंगना ने कहा कि वह नहीं चाहती कि वे झुकें और उनके पास आएं या उनके लाइफ को कोई कंट्रोल करे। अवनीत को लॉन्च करने पर, कंगना ने कहा: उसे मेरा सारा प्यार और आशीर्वाद है और वह अपने सपनों के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र है। साथ ही भविष्य में मैं जिसे भी लॉन्च करूंगी, उनके जीवन और करियर को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं करुं गी। नवाजुद्दीन शेख और अवनीत कौर पहली बार 'टीकू वेड्स शेरू' के जरिए एक साथ नजर आएंगे। प्राइम वीडियो पर डेब्यू करने वाली यह फिल्म कंगना रनौत की मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा समर्थित है।

## रामचरण के घर गूंजी किलकारी



मशहूर एक्टर राम चरण की पत्नी व उद्यमी उपासना कामिनेनी कोनिडेला ने मंगलवार को बेबी गर्ल को जन्म दिया। अपोलो अस्पताल ने मेडिकल बुलेटिन के जरिए बच्चे के जन्म की घोषणा की। बच्चा और मां दोनों ठीक हैं। मेगास्टार चिरंजीवी और परिवार के लोग नए मेहमान का स्वागत करने के लिए सुबह-सुबह अस्पताल में उनसे मिलने गए। उपासना को सोमवार को डिलीवरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस कपल ने पिछले हफ्ते अपनी 11वीं शादी की सालगिरह मनाई।

## फिल्म टीकू वेड्स शेरू का गाना रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता नवाजउद्दीन सिद्दीकी की आने वाली फिल्म टीकू वेड्स शेरू का गाना तुमसे मिलके रिलीज हो गया है। कंगना रनौत निर्मित टीकू वेड्स शेरू में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' का गाना तुमसे मिलकेरिलीज हो गया है।साईं कबीर द्वारा लिखे गए इस गाने को गौरव चटर्जी ने कबीर के साथ मिलकर कंपोज किया हैं और मोहित चौहान ने इसे आवाज दी हैं। मोहित चौहान ने कहा, इस गाने के लिए गौरव चटर्जी और साईं कबीर के साथ सहयोग करना एक बेहद खुशी की बात है। इस गाने में नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर की जोड़ी को खूबसूरती से पेश किया गया है।



## जुबिन नौटियाल का नया मानसून सांग रिलीज़

गुरमीत चौधरी और करिश्मा शर्मा के साथ जुबिन नौटियाल का नया मानसून सांग पहली बारिश में रिलीज हो गया है। भूषण कुमार निर्मित 'पहली बारिश में' गाना एक रोमांटिक सांग हैं। जुबिन नौटियाल द्वारा स्वरबद्ध , गुरप्रीत सैनी और गौतम जी शर्मा द्वारा लिखित ,वीडियो ब्रेन्स द्वारा निर्देशित इस गाने का म्यूजिक वीडियो रोचक कोहली द्वारा कंपोज किया गया है। गुरमीत चौधरी ने कहा, पहली बारिश में रोमांस की भावना को उजागर करता है और इसे दर्शाने के लिए मानसून से बेहतर समय क्या हो सकता है। मैं 'बरसात की धुन' के बाद एक बार फिर से उसी टीम के साथ काम कर के मैं बेहद खुश हूं।

करिश्मा शर्मा ने कहा, इस गाने का प्रत्येक फ्रेम किसी फिल्म के रोमांटिक सीन की तरह प्रतीत होता है, इस गाने के लिए शूटिंग करना वास्तव में एक आनंदमय अनुभव था। मुझे बेसब्री से इंतज़ार है कि दर्शक इस मंत्रमुग्ध करनेवाले गाने आनंद लें। गुरप्रीत सैनी ने कहा, 'पहली बारिश में' के बोल चंचलता और सरलता के साथ-साथ प्यार की गहराई को भी दर्शाते हैं।गौतम जी शर्मा ने कहा, ट्रेक के बोल और रचना आपको पुराने स्कूल के समय के रोमांस की याद दिलाता है। रोचक कोहली ने कहा, ट्रेक की रचना ऐसी है कि जिसे आप आसानी से सुन सकते हैं और इसे गुनगुना भी सकते हैं। वीडियो ब्रेन्स ने कहा, हम मानसून रोमांस की ग्लोरी और इसेन्स को वापस लाना चाहते थे और हमने इस तरह से गाने की कल्पना की। 'पहली बारिश में' को टी-सीरीज़ ने प्रोड्यूस किया है। जुबिन नौटियाल, गुरमीत चौधरी, करिश्मा शर्मा अभिनीत यह गाना अब टी-सीरीज़ के यूट्यूब चेनल पर उपलब्ध है।

विचार पेज का शेष

## सीधी रीढ़ रखी तो सफल नहीं हो सकता?

विडंबना तो यह है कि इस पूरे छद्म चयन में भी लैंगिक असमानता का भूत डोलता रहता है। मसलन अगर पति-पत्नी दोनों ही किसी साक्षात्कार पैनल में हैं तो बहुत संभव है कि पति के सिफारशी अभ्यर्थियों का चांस ज़्यादा है न कि पत्नी या एक स्त्री का।

इसलिए, कभी-न-कभी तो, इन साक्षात्कारकर्ताओं को शिक्षा को एक व्यवसाय में तब्दील होने देने में अपनी मौन सहभागिता का जवाब देना पड़ेगा। या फिर जब इन विभागों से, साल-दर-साल निकलने वाली, औसत ज्ञान और क्षमता वाले विद्यार्थियों की पीढ़ियां, न केवल शिक्षा बल्कि रोजगार के अवसरों में भी पिछड़ती, देश की जनसंख्या और अर्थव्यवस्था पर दोहरा बोझ बनती जाएगी, तब शायद इस पूरी अकादमिक व्यवस्था की ताश की बनी दीवार ढहकर गिर जाएगी।और सबकी जड़ में सिर्फ एक ही मुद्दा सालता रहेगा कि आखिर शिक्षा जो किसी भी समाज की नींव है, उसकी इमारत को घुन की तरह अंदर-ही अंदर खोखला किया किसने? क्योंकि सवाल तो उठाए जाएंगे, आज नहीं तो कल। आज नहीं तो कल, सवाल उठाए जाएंगे न केवल दोषियों पर, बल्कि उन तमाम बुद्धिजीवियों पर, नागरिक समुदाय पर जो बस तटस्थ रहकर सब कुछ दिन-दहाड़े होते देख रहे हैं, चुप हैं।बहरहाल, शिक्षा के संस्थान जिस गहरे त्रासद दौर से गुजर रहे हैं वहां इस पूरी साक्षात्कार व्यवस्था को बेहतर बनाने की घोर आवश्यकता है। इसे आपसी अहम और स्वार्थ का मसला न बनाकर ज़रूरी है कि मानवीय दृष्टि से देखा जाए।

एक तरफ सालों से दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में एड-हॉक पढ़ाते आ रहे शिक्षक हैं, जिन्होंने न केवल रोजगार का बल्कि जीवन का भी एक लंबा हिस्सा इसी व्यवस्था में रहकर बिताया है। और आज उन्हें ही रातों-रात उनकी आजीविका से अलग कर, उन नौजवानों के समानांतर लाकर साक्षात्कार देने के लिए मजबूर कर दिया गया है, जिनके पास आजीविका के कई और अवसर आएंगे। इन साक्षात्कारों में न जाने ऐसी कितनी स्त्रियां हैं जो संभवतः अपने घर का एकमात्र सहारा हैं, और जो अभी कुछ अरसे तक यह जिम्मेदारी निभा भी रही थीं, पर जिन्हें एड-हॉक के खत्म होने पर फिर से साक्षात्कारों में चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। और स्थिति की भयावहता यह है कि ऐसे अनुभवी शिक्षकों की जगह, कभी-कभार तो स्नातकोत्तर से निकले, शोध में बस नाम लिखवाए विद्यार्थियों को चुन लिया जाता है! ऐसे में क्या यह बेहतर नहीं होता कि सालों इन कॉलेजों में अपनी सेवाएं देने वाले इन शिक्षकों को उनके ही स्थान पर स्थायी तौर पर ले लिया जाता और नई खेप के अभ्यर्थियों के लिए नई-ताज़ा रिक्तियां निकाली जातीं जहां चयन का पैमाना होता, सिर्फ और सिर्फ उनकी योग्यता और ज़ेहानत।निदा फ़ाज़ली कहते थे किहुकूमतों को बदलना तो कुछ मुहाल नहीं, हुकूमतें जो बदलता है वो समाज भी हो, ऐसे वे हमें यानी नागरिक समुदाय को भी और उन सभी को, जिन्हें अपने वर्ग, शिक्षा, धर्म की बदौलत थोड़े भी विशेषाधिकार मिले हुए हैं, उन्हें प्रश्न तो उठाने होंगे, गलत होते जाने की रवायत को बदलने का हौसला तो रखना होगा, तभी तो हम इंसान बने रहेंगे। ((लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में शोधार्थी हैं।-साभार- द वायर)

## ब्रिटेन: सदमे में है भारतीय समुदाय

कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुलेमान सलीम और शशिकुमार एक ही कमरे में साथ रहते थे। सलीम भी केरल का रहने वाला है। एक हफ्ते के भीतर भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या का यह तीसरा मामला है। इससे पहले उत्तरी लंदन में 27 वर्षीय एक छात्रा तेजस्विनी कोंथम की उनके घर के अंदर हत्या कर दी गई थी। कोंथम हैदराबाद की रहने वाली थीं।उससे पहले वेंबली में अखिला नाम की एक छात्रा पर चाकुओं से वार हुआ था और अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी जान चली गई थी। इस मामले में अखिला के दोस्त ब्राजील के नागरिक 23 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया गया था।

एक अन्य घटना लंदन से 205 किलोमीटर उत्तर में नॉटिंघम यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली भारतीय मूल की ब्रिटिश हॉकी स्टार ग्रेस ओ माली कुमार की भी चाकुओं वार कर हत्या कर दी गई थी। उस मामले में पश्चिमी अफ्रीकी मूल का एक 31 वर्षीय व्यक्ति हिरासत में है।इन घटनाओं के बाद ब्रिटेन में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के संगठनों ने सभी से सावधान रहने की अपील की है। भारतीय छात्रों के एक संगठन नीसा की संस्थापक और इंटरनेशनल हायर एजुकेशन कमीशन से जुड़ीं सनम अरोड़ा ने ट्विटर पर लिखा कि ये घटनाएं दुखद हैं। उन्होंने अन्य संगठनों से अपील की है कि वे छात्रों को सुरक्षा संबंधी उपायों के बारे में जागरूक करें। ब्रिटेन में भारत के 1,40,000 से ज्यादा छात्र पढ़ाई कर रहे हैं।

बहुरंग

## करण की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का टीजर जारी

एक्टर रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के निर्माताओं ने मंगलवार को फिल्म का टीजर जारी किया। टीजर में वह रोमांस, इमोशन्स, फैमिली ड्रामा, डांस समेत वह सब चीजें है, जिसके लिए फिल्म निर्माता करण जौहर जाने जाते है। 1 मिनट और 19 सेकंड का टीजर बिना किसी डायलॉग के रंगारंग विजुअल से भरा हुआ है। टीजर में करण जौहर के निर्देशन की भव्यता देखने को मिल रही है। टीजर के शुरूआत में आलिया और रणवीर की शानदार केमिस्ट्री नजर आ रही है और अंत में एक फैमिली ड्रामा दिख रहा है। फिल्म में धर्मेंद्र, जया बच्चन, शबाना आजमी जैसे कलाकार हैं। इस फिल्म के जरिए करण जौहर करीब सात साल बाद डायरेक्शन में उतरे हैं। उनकी बतौर डायरेक्टर आखिरी फिल्म 'ऐ दिल है मुश्किल' थीं।



दिलचस्प

## आदिपुरुष पर हो रहे विवाद पर कृति सैनन ने दिया रिएक्शन

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन ने फिल्म आदिपुरूष को लेकर हो रहे विवाद को लेकर अपना रियेक्शन दिया है। ओम राउत निर्देशित फिल्म 'आदिपुरुष' इन दिनों विवादों में है। फिल्म के डायलॉग्स, वीएफएक्स और कई सीन्स पर लोग आपत्ति जता रहे हैं। इस फिल्म में राम और सीता का किरदार प्रभास और कृति सेनन ने निभाया है, जबकि रावण, सैफ अली खान बने हैं।

कृति सेनन ने खुले तौर पर 'आदिपुरुष' के विवाद पर चुप्पी साध रखी है, लेकिन उन्होंने अपने एक पोस्ट में इशारों-इशारों में इसके विरोध पर रिएक्शन दिया है। कृति सेनन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई वीडियोज शेयर किए हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा- चीयर्स और तालियों पर ध्यान दे रही हूं। जय श्री राम।





## अली फजल ने 'कंधार' के लिए सीखी डर्ट बाइकिंग

'कंधार' में काहिल की भूमिका निभाने वाले एक्टर अली फजल ने शूटिंग के दौरान अपने किरदार के लिए नए स्किल को सीखने में काफी मेहनत की। अली ने कहा: डर्ट बाइकिंग मेरे जीवन का पैशन बन गया है, वैसे मैं शहरों की व्यस्त सड़कों पर रोजाना बाइक चलाने से बचता हूं। लेकिन आप जानते हैं कि आप कभी भी उतने अच्छे नहीं होंगे जितना आप बनना चाहते हैं, खास कर तब, जब आप 'कंधार' जैसी फिल्म पर ऐसी अद्भुत स्टंट टीम के साथ काम कर रहे हों, जहां सब कुछ पूरी तरह से अत्याधुनिक हो। स्टंट में एक बहुत ही साधारण बाइक थी, जानबूझकर बहुत ही कम कीमत वाली केटीएम बाइक को चुना गया था।

उन्होंने कहा, केटीएम को इसलिए चुना गया था, क्योंकि मुझे स्टंट रेगिस्तान में करने थे। और हम इनमें से कुछ भी नकली नहीं कर सकते थे। इसलिए मैंने डर्ट बाइकिंग के बारे में सीखा। मैं शूटिंग से 25 दिन पहले पहुंचा और ये ट्रिक्स सीखना शुरू किया। पहले रेत पर सीधे चलाना और फिर अलग-अलग तरह के स्किड्स और ब्रेक समेत मोड़ना आदि की कला सीखीं। अली ने साझा किया: इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस तरह के स्टंट करते हैं, आपको केरेक्टर को जीवंत बनाना होगा। इसमें बॉडी लैंग्वेज और सब कुछ है। तो मैं और मेरा स्टंट डबल, हमें हर समय एक साथ काम करना पड़ा क्योंकि कुछ शॉट्स थे जैसे एक खड़ी चट्टान के ऊपर बाइक चलाना, वे चीजें जो मैंने कभी नहीं कीं। 'कंधार' में जेरार्ड बटलर, ट्रेविस फिमेल और नावीद नेगहबान जैसे शीर्ष अंतरराष्ट्रीय कलाकार हैं। यह पिछले वीकेंड उत्तरी अमेरिका में रिलीज हुई और अब जल्द ही भारत में रिलीज होगी। अली काहिल की भूमिका में है।

# तिघरा जलाशय पर विण्ड एण्ड वेव्स कैफे का शुभारंभ 23 जून को

**ग्वालियरर7** मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा तिघरा जलाशय पर पर्यटकों के लिये लगातार सुविधाएँ जुटाई जा रही हैं। इस क?ी में तिघरा स्थित वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर में ÷विण्ड एण्ड वेव्स कैफे÷ का उन्नयनीकरण कर इसे फिर से शुरू किया जा रहा है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह 23 जून को प्रात÷ 10.30 बजे इस कैफे का शुभारंभ करेंगे।



तिघरा के वाटर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स परिसर में आयोजित होने जा रहे ÷विण्ड एण्ड वेव्स कैफे÷ के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव करेंगीं। इस अवसर पर जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती पिंकी शिवराज यादव, जनपद पंचायत घाटीगाँव की सदस्य श्रीमती शाहिदा अब्दुल रसीद एवं तिघरा ग्राम पंचायत के सरपंच श्री दशरथ सिंह यादव बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में राज्य पर्यटन विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

# मुख्यमंत्रीचौहान की प्रस्तावित यात्रा को लेकर कलेक्टर एवं एसएसपी ने की बैठक

**ग्वालियर7** ग्वालियर में 24 जून को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रस्तावित यात्रा की व्यवस्थाओं के लिये कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने विभागीय अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल मेला ग्राउण्ड पर बैठक की और आयोजन की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेला ग्राउण्ड पर आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री विवेक कुमार



सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोजन के संबंध में जो दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं उसका पालन समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक के पश्चात सिटी सेंटर पर्यटन भवन, जीवायएमसी क्लब, एक हजार बिस्तर अस्पताल, सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल पहुँचकर आयोजन की तैयारियों के संबंध में निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन एलएनआईपीई में हुआ

ग्वालियर। लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर के योग विज्ञान विभाग द्वारा आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के रुप में 9 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को 'वसुधैव कुटुम्बकम' प्रसंग के साथ आयोजित किया गया। इस आयोजन में अतिथिगणों के रूप में संस्थान के कुलपति प्रो. जी.डी.घई, कुलसचिव एन.एल.रोहिरा, संभागीय आयुक्त दीपक सिंह, एन.सी.सी. ग्रुप कमान्डर ब्रिगेडियर राजीव कुमार, दीपक सचेती, अध्यक्ष क्री?ा भारती (मध्य भारत प्रांत), श्रीमती अनिता कुशवाह (शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, मेला रो? शाखा, ग्वालियर), श्रीमती अर्चना शर्मा (हॉर्टफुलनेस ध्यान केन्द्र प्रमुख, ग्वालियर) उपस्थित रहें। इस अवसर पर प्रो. विवेक पाण्डे (डीन अकैडमिक), यू.एस. कुलश्रेष्ठ (वित्त अधिकारी) प्रो. इन्दु बोरा, प्रो. एम.के. सिंह, प्रो. जोसफ सिंह, डॉ. सी.पी. सिंह भाटी, डॉ. वाय.एस. राजपूत, डॉ. के.के. साहू कार्यक्रम में सम्मिलित हुये । कार्यक्रम का प्रारंभ प्रातः 6.00 बजे संस्थान के बहुउद्देशीय कक्ष में सरस्वती माता जी की मूर्ति पर अतिथिगणों द्वारा पुष्प अर्पण कर किया गया।कार्यक्रम में



कुलपति जीडी घई द्वारा दिये गये उद्बोधन में समाज के लोगों को प्रतिदिन योग करने के आह्वान के साथ शांति और आंनद की ओर अग्रसर होने के लिये योग को अपनाने के लिये प्रेरित किया गया। इसके पश्चात देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का रिकॉर्डेड प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर किया गया । इसी क्रम में संस्थान के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कर्मचारी एवं उनके परिवारगण, ग्रीष्मकालीन शिविर के प्रतिभागीगण एवं उनके अभिभावकगण, ग्वालियर के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण, क्री?ा भारती मध्य भारत प्रांत की ओर से आये प्रतिभागी, हॉर्टफुलनेस ध्यान केन्द्र के सदस्यगणों द्वारा कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिये मंच पर योगिक विज्ञान विभाग के छात्र/छात्राओं द्वारा डॉ. सुनील कुमार देशमुख, योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में कॉमन योगा प्रोटोकॉल का प्रदर्शन किया गया। जिसमें लाईव प्रसारित निर्देशों का अनुपालन किया गया।इस अवसर पर ग्वालियर की विभिन्न संस्थाओं जैसे एन.सी.सी., राष्ट्रीय सेवा योजना, डेकॉथलन, अन्य समाजिक संस्थाओं, ग्वालियर महानगर के योग के प्रति उत्साही प्रतिभागीगण तथा संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों के परिवार के सभी सदस्यों ने भी ब?-च?कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 1000 प्रतिभागियों ने भाग लिया।इस वर्ष 21 जून 2023 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को 'वसुधैव कुटुम्बकम' रूपी महान उदेश्य की प्राप्ति के लिये मनाया गया ।

# ज्वाइन करते ही लोकायुक्त एसपी का धमाका, रिश्वतखोर दबोचा

सागर। सागर के नवनियुक्त लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा ने अपनी ज्वाईनिंग के साथ ही ब?ा धमाका किया है। लोकायुक्त की टीम ने आज सागर के दक्षिण वन मंडल अधिकारी कार्यालय में 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए वनरक्षक को रंगे हाथ पकडा है। वह फर्नीचर की दुकान खोलने के लिए रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र देने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र पुत्र शंकरलाल जाटव निवासी देवरी ने लोकायुक्त कार्यालय सागर में शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि उसे फर्नीचर की दुकान



खोलना है। जिसके लिए वन विभाग में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया था। लेकिन दुकान खोलने रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र देने के एवज में वनरक्षक राजकुमार मौर्य राजस्व शाखा कार्यालय वन मंडल अधिकारी दक्षिण ने 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। शिकायत मिलते ही लोकायुक्त ने जांच शुरू की। जांच में शिकायत सही पाई गई। जिसके बाद बुधवार को लोकायुक्त की टीम कार्रवाई के लिए रवाना हुई।टीम ने शिकायतकर्ता को तैयार कर रिश्वत की राशि 4 हजार रुपए लेकर भेजा। शिकायतकर्ता वीरेंद्र ने दक्षिण वन मंडल अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर रिश्वत की राशि वनरक्षक राजकुमार को दी। रिश्वत देते ही इशारा किया। इशारा मिलते ही लोकायुक्त की टीम ने दबिश दी और वनरक्षक राजकुमार को रंगेहाथ 4 हजार की रिश्वत के साथ धर दबोचा। मामले में लोकायुक्त की टीम आरोपी वनरक्षक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रही है

# भाजपा की वादा खिलाफी और जनहित प्रस्तावों को लेकर महापौर ने दिया धरना

ग्वालियर। महापौर डॉ शोभा सतीश सिकरवार ने कहा है कि जनहित से जुड़े प्रस्तावों को मेयर इन



कॉउसिंल द्वारा पास किया गया हैए जिसमें गार्वेज शुल्क का युक्तियुक्तकरण करने एवं बकाया जलकर माफ करने समेत अन्य स्वीकृत प्रस्तावों को यथा षीघ्र परिषद में नहीं लाया गया तो कांग्रेस पार्टी शहर जिला कांग्रेसस्ड्डठ्ठस्र4ड्डस्रद्दह्यद्ध अध्यक्ष डॉण् देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में निगम क्षेत्र की 66 वार्डों में धरना प्रदर्शन करेगी। महापौर आज फूलबाग चौराहे पर कांग्रेस पार्टी के ऐतिहासिक और विशाल धरने में उमड़े जन सैलाब को संबोधित कर रहीं थीं। इस मौके पर महापौर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन धरना स्थल पर एसण्डीण्एमण् सीण्बीण् प्रसाद को सौंपा। धरना स्थल पर कांग्रेस के राष्?ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी शिव भाटियाए प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अशोक सिंहए शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉण् देवेन्द्र शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे, विधायक डॉण् सतीश सिकरवारए वरिष्?ठ नेता सुनील शर्मा,साहब सिंह गुर्जर,दुष्?यंत साहनी के अलाबा चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी, दाल बाजार समिति के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारीए मुरार व्यापार समिति के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनो के तमाम प्रतिनिधि मौजूद रहे।

धरना स्थल पर विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुये महापौर डॉण् शोभा सिकरवार ने कहा कि नगर निगम चुनाव के दौरान ग्वालियर की जनता से वायदा किया था कि नगर निगम में हमारी सरकार बनती है तो हम पुराने पानी के बिल माफ करेंगेंए गार्वेज शुल्क में संशोधन करेंगे और कर्मचारिओं के हित में हर संभव प्रयास कर निर्णय करेंगे। इन सब वादों को पूरा करते हुये हमने नगर निगम में अपना चार्ज लेने के साथ ही आपसे किये हुये वायदों को पूरा करने का प्रयास करते हुये सबसे पहले एमण्आईण्सी में दिसंबर 2021 से पहले के बकाया पानी के बिल माफ करने का प्रस्ताव पास किया। उसके कुछ दिन बाद हमने गार्वेज शुल्क में संशोधन करते हुये एमण्आईण्सी से प्रस्ताव पास कियाए जिससे ग्वालियर की जनता को गार्वेज शुल्क के भार से राहत मिल सके। उसके बाद हमने नगर निगम सीमा में आने वाले सभी उद्योगिक ईकाईयों संम्पतिकर में राहत देने के लिये परिक्षेत्र 3 में शामिल किये जाने का प्रस्ताव पास किया। इसके बाद हमने नगर निगम सीमा में आने वाली सभी मंदिरए मस्जिदए गुरूद्वाराए चर्च आदि धार्मिक संस्थानों को सम्पतिकर एवं गार्वेज शुल्क से मुक्त रखे जाने का प्रस्ताव भी एमण्आईण्सी में पास किया एवं कर्मचारियों को छठवांए सातवां वेतन लागू किये जाने को लेकर कई बार अधिकारियों को प्रस्ताव मांगा गया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर के विकास के लिये कांग्रेस पार्टी सकारात्क रूप से मेयर इन कॉउसिंल में निर्णय ले रही हैए मगर उन्हे जानबूझ कर रोका जा रहा है। महापौर ने कहा कि अगर जनहित से जुडे प्रस्ताव परिषद में नही लाये गयेए तो कांग्रेस पार्टी हर वार्ड में धरना प्रदर्शन करने के लिये बाध्य होगी। इस मौके पर कांग्रेस प्रभारी श्री भाटिया ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में झूठ.फरेब और छल.कपट की राजनीति कर जनता के साथ विश्?वासघात कर रही है। प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाईए बेरोजगारी और भ्रष्?टाचार से त्रस्त हैए उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में जनता सबक सिखायेगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉण् देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि शहर के विकास के लिये और आम जनता को लाभ पहुँचाने की दृष्?टि से मेयर इन कॉउसिंल ने अनेक जनहितकारी निर्णय लिये इनको भाजपा द्वारा रोकने का काम किया जा रहा हैं। कांग्रेस पार्टी जनता को लाभ पहुँचाने वाले प्रस्तावों को आंदोलित रहेगी। विधायक डॉण् सिकरवार ने कहा कि भाजपा के नेता अपने आपको गरीबों का हितैषी बताते है मगर असलियत यह है कि यह लोग गरीबों के नाम पर सिर्फ घडियाली आंसू बहाते हैं और गरीबों के हित में महापौर एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा लिये निर्णयों का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की मांग पर महापौर ने गार्वेज शुल्क कम करने के लिये मेयर इन कॉउसिंल में प्रस्ताव पास कियाए इसके अलावा वर्ष 2021 तक का बकाया जलकर माफ करने समेत कर्मचारियों के हित वाले प्रस्तावों का भी भाजपा विरोध कर रही हैं। इससे इसकी करनी और कथनी उजागर होती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विकास की सौगातें लाते हैं और चुनाव में जब भाजपा प्रत्याशी हार जाते है तो वह सौगातों का पैसा वापस ले जाते है। उन्होंने कहा कि ऐसे विकास विरोधियों और बिकाऊ लोगों को सबक सिखाने के लिये आप सबने पहले भी कांग्रेस पार्टी को आर्शीवाद दिया और आगे भी आर्शीवाद मिलेगाए ऐसी अपेक्षा कांग्रेस पार्टी करती है। इसके साथ ही कांग्रेस के अन्य नेताओं ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल ने किया। धरना में प्रदेश प्रवक्त राम पाण्डेए जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, मोहन महेश्?वरी, चतुर्भुज धनोलियाए विनोद जैनए देवन्द्र चौहानए महादेव अपोरियाए हितेन्द्र यादव, अनूप शिवहरे, वरिष्?ठ नेता जेएच जाफरी, राजकुमार शर्मा, संभागीय मीडिया धमेन्द्र शर्मा, वरिष्?ठ नेता बलवीर तोमर,पार्षद श्रीमती कमलेश बलवीर तोमर, प्रमोद खरे, श्रीमती लक्ष्मी सुरेश सिंह, श्रीमती गायत्री सुधीर मण्डेलिया, अंकित कठठ्ल, सुरेन्द्र साहू, अवधेश कौरव, श्रीमती सरोज हेवरन कंषाना, केदार बरहादिया समेत हजारों की संख्या में



आम जन और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धरने में व्यापारी हुये शामिलः. महापौर के नेतृत्व में दिये गये धरने में चेम्बर ऑफ कॉमर्सए व्यापारिक संगठन कैट, दाल बाजार, लोहिया बाजार, सराफा बाजार, मुरार सराफा बाजार, ग्वालियर सराफा बाजार, मेला व्यापारी संघ समेत अनेक सामाजिक.धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुये। चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, पूर्व उपाध्यक्ष बसंत अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि महापौर ने गार्वेज शुल्क कम करने को लेकर जो वायदा व्यापारियों से किया था, वह वादा उन्होंने पूरा किया है। गार्वेज शुल्क कम करने में भाजपा अगर सहयोग नहीं करेंगी तो उसे दुष्?परिणाम भुगतने पडेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि महापौर जहॉ-जहॉ हमारी लडाई लड़ेगी, हम सब उनके साथ ख? रहेंगे। इस मौके पर अनेक व्यापारियों ने विचार व्यक्त किये। धरना स्थल पर मेला व्यापारी संघ के सचिव महेश मुद्गल, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त अध्यक्ष हेमंत गुप्ता, राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल, संयुक्त सचिव पवन अग्रवाल, दाल बाजार समिति से दीपक गुप्ता, मनोज अग्रवाल, कैट के उपाध्यक्ष रवि गुप्ता, सचिव मनोज चौरसिया, दिलीप पंजवानी, विवेक जैन, जगदीश मित्तल, दाल बाजार समिति के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र साहू, गहोई समाज मुरार के अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता, चेम्बर के कार्यकारणी सदस्य संजीव अग्रवाल कुक्कु, प्रतीक जैन लालू, सौरभ गुप्ता, विपुल गुप्ता, आशीष जैन, संजय बसंल, उमेश उप्पल समेत सैक?ो व्यापारी मौजूद रहे।













स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478